हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 | www.prakharpurvanchal.com | Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 186, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 | 5 जनवरी, 2024 दिन शुक्रवार | गाजीपुर/वाराणसी

## स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए सीएम योगी ने दिए 404 करोड़ रु.

### बोले– पीएम श्री स्कूल आज की जरूरत, यह अभिनव प्रयोग है




लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार कि जिस समय पूरी दुनिया कोरोना से ग्रस्त थी उस समय देश की 140 करोड़ की आबादी को बचाने के साथ ही नई शिक्षा नीति की आधार शिला रखी और नए विजन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। पीएमश्री स्कूल योजना इसी दिशा में एक कदम है। कई बार योजना की घोषणा के बाद काम में समय लगता है लेकिन यहां शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पूरी टीम के साथ आए हैं। प्रदेश के पांच करोड़ बच्चों के लिए नई योजना शुरू होगी। इस योजना के तहत पहले चरण में प्रदेश के 928 विद्यालय चयनित किए गए हैं। इसके तहत 1 से 12वीं क्लास तक अपग्रेड करेंगे। मुख्यमंत्री योगी बृहस्पतिवार को लखनऊ के लोकभवन में 404 करोड़ रुपये की धनराशि से पीएम श्री स्कूलों के आधुनिकीकरण का शुभारंभ एवं 'प्रोजेक्ट अलंकार' के अंतर्गत माध्यमिक विद्यालयों में अवस्थापना सुविधाओं के संतृप्तीकरण हेतु 347 करोड़ रुपये की धनराशि का अंतरण तथा निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया के अंतर्गत समूह 'ख' के नवचयनित अधिकारियों को नियुक्ति पत्र का वितरण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह हमेशा ही सवाल रहा है कि गरीब का बच्चा जहां पढ़ता है वहां सुविधा, शिक्षक और कनेक्टिविटी नहीं है। पहले विद्यालय बंद होने के कगार पर थे। हर कोई चाहता है कि उसका बच्चा पढ़ लिख ले। आज यूपी में बेसिक के 96 प्रतिशत विद्यालयों को ऑपरेशन कायाकल्प में अपग्रेड किया गया है। क्लास, शौचालय, लैब और स्मार्ट क्लास बनवाई गई है। इनमें सभी वर्ग छात्र, अधिकारी और नेता सभी शामिल हैं। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि हमने ड्रॉपआउट रोकने के लिए भी प्रयास किया। स्कूल चलो अभियान शुरू किया। इससे हर शिक्षक, अधिकारी और जन प्रतिनिधि जुड़े। हमने लोगों को आधार से जोड़ने का काम किया। स्कूलों में 40 लाख बच्चे बढ़े हैं। हमने तय किया और स्कूलों में 1.25 लाख शिक्षक भर्ती की। ऑपरेशन कायाकल्प चलाया। बच्चों को बैग, किताब, स्वेटर और जूते दिए। इसके लिए अप्रैल में डीबीटी की जाती है। पीएम श्री स्कूल आज की जरूरत है। यह अभिनव प्रयोग है। अटल आवासीय विद्यालय का एक प्रयोग किया गया है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि 500 वर्षों की प्रतीक्षा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कारण प्रभु श्रीराम के दिव्य भव्य मंदिर के लोकार्पण की घड़ी आ गई है। पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही है। यूपी इसका केंद्र बिंदु है। दुनिया राममय है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की उपस्थिति में हाल में मुख्य सचिव की बैठक हुई थी। प्रोजेक्ट कायाकल्प की भी इस बैठक में चर्चा हुई थी। मैं मुख्यमंत्री योगी को नई शिक्षा नीति और ऑपरेशन कायाकल्प हूबहू लागू करने के लिए बधाई देता हूं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश में 26 करोड़ बच्चे पढ़ते हैं। इसमें से लगभग 18 प्रतिशत मतलब 4 करोड़ यूपी के हैं। बिना यूपी के विकसित भारत की संकल्पना संभव नहीं है। 2016 में पीएम उज्ज्वला योजना का पायलट बलिया में किया था। 30 पीएम 10 करोड़ लाभार्थी मीरा की पीएम ने चाय पी है। पौने 2 करोड़ लाभार्थी यूपी के हैं। उन्होंने कहा कि 2047 से पहले भारत को विकसित देश बनाने का संकल्प लिया गया है। यूपी उससे पहले विकसित बनेगा। प्रदेश में बिना कोचिंग के 54 बच्चे आईआईटी, एनआईटी आदि में प्रवेश ले रहे हैं। यही नई शिक्षा नीति की सफलता है।

### ईरान में बम धमाके की भारत ने की निंदा, नागरिकों की मौत पर जताया दुख

नई दिल्ली। भारत ने ईरान में हुए बम धमाकों में मारे गए लोगों को लेकर दुख व्यक्त किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने गुरुवार को ईरान के केर्मिन में हुए बम विस्फोट पर दुख व्यक्त किया। साथ ही भारत ने ईरान की सरकार और लोगों के प्रति एकजुटता दिखाई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हम ईरान के केर्मिन शहर में हुए भीषण बम विस्फोटों से दुखी हैं। इस कठिन घड़ी में हम ईरान की सरकार और लोगों के साथ अपनी एकजुट हैं। पीड़ितों और घायलों के प्रति हमारी संवेदनाएं हैं। बता दें कि ईरान के केर्मिन में बुधवार को कासिम सुलेमानी के कब्र के पास दो बम धमाके हुए। इन धमाकों में अब तक 103 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। इसके अलावा इस घटना में 188 लोग घायल हो गए। ईरानी अधिकारियों ने इसे आतंकी हमला बताया, लेकिन इसपर अधिक जानकारी नहीं दी गई है। ईरान की इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) ने बताया कि पहला विस्फोट सुलेमानी की कब्र से 700 मीटर दूर पर हुआ था और दूसरा करीब 600 मीटर की दूरी पर हुआ था। न्यूज एजेंसी ने बताया कि घटना के वक्त सैकड़ों लोग कब्र के पास मौजूद थे।

## दो दिवसीय दौरे के लिए काठमांडू पहुंचे जयशंकर भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की बैठक में हुए शामिल



नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर नेपाल के दो दिवसीय दौरे के लिए आज काठमांडू पहुंच चुके हैं। काठमांडू एयरपोर्ट पर नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने उनका स्वागत किया। जयशंकर काठमांडू पहुंचकर राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल से मुलाकात करने के बाद भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की सातवीं बैठक में शामिल हुए। जयशंकर की यह इस साल की पहली विदेश यात्रा है। नेपाल दौरे पर जयशंकर ने कहा कि वह इन दो दिनों में होने वाले कार्यक्रमों को लेकर बहुत उत्सुक है। उनके नेपाल पहुंचते ही वहां के विदेश मंत्री एनपी सऊद ने उनका एयरपोर्ट पर स्वागत किया। नेपाल पहुंचकर जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट कर कहा, 'नमस्ते काठमांडू, 2024 की अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए नेपाल आकर बहुत खुश हूं। अगले दो दिनों में होने वाले कार्यक्रमों का इंतजार कर रहा हूं।' नेपाल के विदेश मंत्री एनपी सऊद अपने समकक्ष जयशंकर और उनके साथ आए प्रतिनिधियों के लिए रात्रिभोज का आयोजन करेंगे। स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए नेपाल के विदेश मंत्री ने कहा, 'हम दो समझौतों पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं और तीन क्रॉस बॉर्डर ट्रांसमिशन लाइंस का उद्घाटन करेंगे।' नेपाल के विदेश मंत्रालय द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, दोनों नेता नेपाल-भारत संयुक्त आयोग में अपने-अपने प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे।

## 'राहुल को पीएम बनते देखने का सपना', वाईएस शर्मिला के बयान पर केंद्रीय मंत्री का तंज- लोग नहीं चाहते

हैदराबाद। पूर्व सीएम वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी और वाईएसआरटीपी की संस्थापक वाई एस शर्मिला गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। शर्मिला की पार्टी वाईएसआरटीपी का विलय भी कांग्रेस में हो गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को देश का प्रधानमंत्री बनते देखना उनके पिता का सपना था और वह उन्हें इसमें योगदान देकर खुशी होंगी। अब वाईएस शर्मिला के बयान पर भाजपा ने पलटवार किया है। हैदराबाद में पत्रकारों ने केंद्रीय मंत्री और तेलंगाना भाजपा के अध्यक्ष जी किशन रेड्डी से जब वाईएस शर्मिला के बयान को लेकर सवाल किया तो उन्होंने तंज कसते हुए कहा 'देश के लोग ऐसा नहीं चाहते। शर्मिला जी या किसी अन्य के कहने पर तो यह होने वाला नहीं है। देश की आम जनता ही किसी को प्रधानमंत्री बना सकती है, लेकिन राहुल गांधी का फामूर्ला ही फेल है। राहुल गांधी की दवाई ही असफलता है। उनका मौलिक फामूर्ला ही असफल है।' तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सोनिया गांधी से अपील की है कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में तेलंगाना से चुनाव लड़ें। इसे लेकर जब केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'सोनिया गांधी हों या राहुल गांधी, इन्हें अपनी लोकसभा सीटों से जीतने का विश्वास ही नहीं है।'

## उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के खिलाफ जांच का आदेश



प्रखर/डेस्क। राष्ट्रीय स्तर के बास्केटबॉल खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अंजुल ओबेरॉय द्वारा उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन में हो रहे अनियमितता के विरूद्ध दिनांक 14/11/2023 को दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। जिसका संज्ञान लेते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय ने दिनांक 22/11/2023 को भारतीय बास्केटबॉल संघ, केंद्रीय युवा एवं खेल मंत्रालय तथा केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार, को अंजुल ओबेरॉय की शिकायत का संज्ञान लेकर अति शीघ्र उचित कार्रवाई करने का आदेश पारित किया । इस याचिका में उत्तर प्रदेश बास्केटबॉल संघ के संरक्षक आलोक शर्मा तथा अध्यक्ष डॉ. सीमा शर्मा द्वारा यू पी बास्केटबॉल एसोसिएशन पर अवैध तरीके से कब्जा करने तथा इस दौरान कई प्रकार की अनियमितताओं के साथ-साथ वित्तीय हेरा फेरी करने के संबंध में अंजुल के वकील द्वारा अपनी याचिका के साथ सभी प्रकार के साक्ष्य प्रस्तुत किए गए जिसके आधार पर उच्च न्यायालय द्वारा अपना आदेश सुनाया गया है । गौरतलब है कि खेल संस्थाओं में वर्षों से जमे इसके स्वयंभू नेताओं द्वारा इस तरह की अनियमितता की शिकायतें लगातार आती रहती हैं




लेकिन सरकार की चुप्पी कई सवाल खड़े करती है।

## खरमास बाद होगा योगी मंत्रिमंडल का विस्तार, अमित शाह से मुलाकात के बाद राजभर का फिर दावा!

प्रखर लखनऊ/ डेस्क। लंबे समय से मंत्री योगी कैबिनेट में मंत्री बनने की राह देख रहे ओपी राजभर को फिर मंत्री बनने का आश्वासन मिला है। अमित शाह को नववर्ष की शुभकामना देकर निकलने के बाद राजभर ने दावा किया है। इसके अलावा राजभर एनडीए गठबंधन का हिस्सा बिहार में भी होंगे। साथ ही अमित शाह और जेपी नड्डा के साथ राजभर बिहार में दो बड़ी रैलियां भी करेंगे। राजभर मंत्री बनने का दावा लगातार कई बार से कर रहे है, लेकिन बार-बार दावा फेल होता जा रहा है। अब देखना यह है कि इस बार राजभर मंत्री बन पाते हैं या फिर बाकी बार की तरह इस बार भी सिर्फ उन्हें आश्वासन ही मिलता है। बतादें कि दिल्ली में नववर्ष की शुभकामना देने के बाद राजभर ने दावा किया है कि 14 जनवरी यानी खरमास के बाद योगी मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। साथ ही दोनों के बीच बैठक में उत्तर प्रदेश व बिहार में वर्तमान राजनीतिक स्थिति व लोकसभा चुनाव की तैयारी पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इसके पूर्व ओमप्रकाश राजभर 22 दिसंबर को सीएम योगी से मुलाकात किए थे जिसके बाद चचार्एं शुरू हो गई कि जल्द इन्हें मंत्रिमंडल में जगह मिलेगी। कयास लगाए जा रहे थे कि सीएम योगी ने



भी इन्हें हरी झंडी दे दी है। लेकिन उसके बाद भी मंत्री न बनने की वजह से फिर राजभर अमित शाह से मिलने दिल्ली पहुंच गए। बताते चले कि ओमप्रकाश राजभर योगी सरकार के प्रथम कार्यकाल में कैबिनेट मंत्री थे। सीएम योगी से सीधे टकराने के बाद उन्हें मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था। जिसके बाद उन्होंने अपना पाला बदलकर सपा की नैया पर सवार हो गए ।

## मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट मामले की होगी सीबीआई जांच, एलजी ने दिए आदेश



नई दिल्ली। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट के मामले में सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। उपराज्यपाल ने मोहल्ला क्लिनिक में फर्जी टेस्ट मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की है। एलजी कार्यालय के मुताबिक दिल्ली सरकार द्वारा चलाए जा रहे मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी मरीजों के नाम पर पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी टेस्ट किए गए हैं। इससे पहले एलजी ने दिल्ली सरकार के अस्पतालों और मोहल्ला क्लीनिकों में कुछ जीवन रक्षक दवाओं सहित गैर-मानक दवाओं की खरीद और आपूर्ति की सीबीआई जांच की सिफारिश की थी। दिल्ली विभाग के स्वास्थ्य विभाग के तहत केंद्रीय खरीद एजेंसी से सरकारी अस्पतालों में इस तरह की नकली दवाईओं की आपूर्ति की गई थी। राजनिवास के अनुसार कई रोगियों और बड़े पैमाने पर लोगों की शिकायतों के बाद इहबास, लोक नायक और दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल से नमूने एकत्र किए गए। ये तीनों अस्पतालों में लाखों रोगियों का उपचार चलता है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार पर कथित शराब घोटाला मामले के आरोप लगे थे। जिसमें जांच चल रही है। वहीं, भाजपा ने दिल्ली सरकार पर जल बोर्ड में घोटाले के भी आरोप लगाए थे।

**एक दिन में 500-500 मरीज कैसे देख लिए? मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट मामले पर भाजपा ने 'आप' को घेराः** दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मोहल्ला क्लीनिक में फर्जी टेस्ट के मामले में सीबीआई जांच के आदेश देने के बाद भाजपा आम आदमी पार्टी पर हमलावर हो गई है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में घोटाला हुआ है। वहां फर्जी टेस्ट हुए हैं। एक दिन में 500-500 मरीज कैसे देख लिए? मोहल्ला क्लीनिक का सीसीटीवी दिखाया जाए। ये इनकी ईमानदारी का नया किरदार है। ये जांच की आंच से घबरा रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक में मरीजों की फर्जी मौजूदगी दिखाई गई है। भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि बवाली अब सवाली हो गए हैं। उलटा चोर कोतवाल को डाटे वाली बात हो रही है यह तो। जहां तक तकनीकि बात है तो वो न्यायालय क्यों नहीं गए।

## भगवान राम पर टिप्पणी को लेकर बढ़ा विवाद तो आव्हाड ने जताया खेद, बोले- आज लड़कियां उठाने वाले...

मुंबई। कर्नाटक के बाद महाराष्ट्र में भगवान राम के नाम पर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। गुरुवार को भगवान राम को मांसाहारी बताए जाने पर गुस्सा भड़क उठा। बढ़ते विवाद को देखते हुए शरद पवार वाली एनसीपी के नेता डॉ. जितेंद्र आव्हाड ने सफाई पेश की है। उन्होंने कहा कि उनका किसी की भावनाओं को आहत पहुंचाने का मकसद नहीं था। जितेंद्र आव्हाड ने कहा, 'आज रामायण पढ़ लिजिए कि क्या लिखा है, आपको साफ हो जाएगा। लेकिन किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं खेद व्यक्त करता हूं। मैं किसी की भावनाओं को आहत नहीं करना चाहता था। लड़कियां उठाने वाले का नाम भी राम हैं और वो मेरे पर इल्जाम लगा रहे हैं। ' उन्होंने कहा, '22 तारीख तक किसी लॉजिक पर बात नहीं होगी, भावना पर ही बात होगी। इसलिए मैं खेद व्यक्त करता हूं।' उन्होंने अपने खिलाफ शिकायत दर्ज होने पर कहा कि वह किसी भी एफआईआर से नहीं डरते हैं। महाराष्ट्र के शिरडी में बुधवार को एक कार्यक्रम में आव्हाड ने कहा था कि भगवान राम शाकाहारी नहीं थे, वह मांसाहारी थे। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति 14 साल तक जंगल



में रहेगा वो शाकाहारी भोजन खोजने कहां जाएगा? उन्होंने जनता से सवाल करते हुए कहा कि क्या यह सही बात है या नहीं? उन्होंने आगे कहा था, 'कोई कुछ भी कहे, सच्चाई यह है कि हमें आजादी गांधी और नेहरू की वजह से ही मिली। यह तथ्य कि इतने बड़े स्वतंत्रता आंदोलन के नेता गांधी जी ओबीसी थे, उन्हें (आरएसएस को) स्वीकार्य नहीं है।

## 'भाजपाई भ्रष्ट्राचार की नींव पर बना भवन गिरा...', इमारत ढहने पर छिड़ी सियासत; अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर बोला हमला

लखनऊ। लखनऊ के नाका बाजार में दो भवनों के ढहने से कोई जनहानि तो नहीं हुई, लेकिन अवैध निर्माण करने वालों की एलडीए अभियंताओं से मिलीभगत फिर उजागर हो गई। नाका के आर्यनगर में ऐसा लगा कि भूकंप आ गया है। दो बिल्डिंग टेढ़ी होकर गिरने लगीं। अवैध बेसमेंट बनाने के लिए की गई खोदाई से तीन मंजिला भवन गिर गया। इसके साथ ही बगल में स्थित दूसरा घर भी ढह गया। अब इस घटना को लेकर यूपी में सियासत तेज हो गई है। पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर ट्वीट किया कि भाजपाई भ्रष्ट्राचार की नींव पर बना भवन गिरा, लखनऊ में गिरे घर के लिए जनता में यही चर्चा है। उन्होंने आगे यह भी लिखा कि जांच हो और कार्रवाई भी क्योंकि इससे आस-पड़ोस के घरों के लिए भी जान-माल की हानि की पूरी आशंका है। गौरतलब है कि इस घटना में एक बुजुर्ग को चोट लगी है।आर्यनगर में अनिल कुमार द्विवेदी व कृष्ण कुमार द्विवेदी का और बगल में सतेंद्र द्विवेदी का मकान है। अनिल और कृष्ण मकान में अवैध रूप से बेसमेंट बनवा रहे थे। इसके लिए मिट्टी की खोदाई हो रही थी। बुधवार सुबह मकान के बाहर खड़े लोगों ने देखा कि अनिल और कृष्ण का मकान खोदाई वाले हिस्से में आगे की तरफ झुक रहा है। इस कारण बगल वाला सत्येंद्र द्विवेदी का मकान भी झुकने लगा। यह देख लोगों ने 11:30 बजे पुलिस को सूचना दी। मौके पर एसीपी कैसरबाग प्रकाश चंद्र



अग्रवाल, इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता टीम के साथ पहुंच गए। मकान को झुकता देख रस्सी लगाकर रास्ते को बंद करवाया। सत्येंद्र के घर में किराए पर रहने वाली विमला कनौजिया के परिवार को बाहर निकाला गया। पड़ोस के अन्य मकानों से भी लोगों को बहार निकाला गया। पुलिस ने जैसे ही सभी को हटाया, उसके पांच मिनट बाद 12:20 बजे दोनों मकान भरभराकर गिर गए और धूल का गुबार पूरे इलाके में फैल गया। मकान के सामने और बगल की दुकानों पर बैठे कर्मचारी बाहर की तरफ भागे, लेकिन बुजुर्ग रामचंद्र भागते समय गिर गए और उनके सिर व पैर में चोटें आ गईं। इंस्पेक्टर राम कुमार ने बताया कि ठेकेदार दीप को हिरासत में ले लिया गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। विमला कनौजिया के बेटे अमित ने बताया कि कृष्ण द्विवेदी के मकान में पिछले छह महीने से काम चल रहा था। कई बार मना किया और हादसा होने की बात कही, लेकिन किसी ने एक न सुनी। वह पूरे परिवार के साथ घर में थे। अगर रात में इमारत गिरती तो पूरा परिवार एक पल में खत्म हो जाता। सत्येंद्र द्विवेदी के घर में किराए पर रहने वाली विमला कनौजिया को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत शारदानगर योजना में फ्लैट दिया जाएगा। मौके पर नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने पीड़िता को प्रधानमंत्री आवास दिलाने का आश्वासन दिया। इसके बाद एलडीए उपाध्यक्ष डा. इंद्रमणि त्रिपाठी ने प्रक्रिया पूरी कराकर पीड़िता को प्रधानमंत्री आवास देने के आदेश जारी कर दिए।

## केजरीवाल बोले- बीजेपी मेरी गिरफ्तारी चाहती है, ईडी का नोटिस गैरकानूनी, कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ



नई दिल्ली। ईडी समन मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि दो साल में कई बार छापे पड़े। कोई भ्रष्टाचार नहीं हुआ है। ऐसे फर्जी केस में आम आदमी पार्टी के कई नेता जेल में इन्होंने रखे हैं। खुलेआम गुंडागर्दी हो रही है। पूछताछ के बहाने केजरीवाल को बुला लो और गिरफ्तार कर लो, ताकि में लोकसभा चुनाव में प्रचार ना कर पाऊं। दिल्ली के सीएम ने कहा कि ये सारे नोटिस गैर कानूनी हैं। क्या मुझे गैर कानूनी सम्मन का उत्तर देना चाहिए। मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने की साजिश है। भाजपा का मकसद मुझे लोकसभा चुनाव के प्रचार से रोकना है। भाजपा पर हमला बोलते हुए सीएम ने कहा कि जो इनकी पार्टी ज्वाइन कर लेते हैं। उसके सारे पाप धुल जाते हैं। मनीष सिसोदिया और संजय इसलिए जेल में हैं क्योंकि उन्होंने भाजपा को ज्वाइन नहीं किया। हमें लोकतंत्र को बचाना है। मैं पूरी ईमानदारी से इनका मुकाबला कर रहा हूं। हमने भ्रष्टाचार नहीं किया। ऐसे देश आगे नहीं बढ़ सकता। ये क्या चल रहा है। ये जनतंत्र के लिए गलत है। इसे रोकना है। मेरा तन मन धन देश के लिए है। मेरी सांस, खून की एक एक बूंद और कतरा देश के लिए है। मुझे आपका साथ चाहिए। केजरीवाल ने कहा कि पिछले दो साल से भाजपा की एजेंसियों ने शराब घोटाले में कई छापेमारी की और कई गिरफ्तारी की। लेकिन अभी तक एक भी पैसे का हेरफेर नहीं मिला। ऐसे फर्जी केस में कई आप नेताओं को इन्होंने जेल में रखा हुआ है। अब भाजपा मुझे गिरफ्तार करना चाहती है फर्जी समन भेजकर ये लोग मुझे बदनाम करना चाहते हैं। इन्होंने मुझे समन भेजा हुआ है और मेरे वकीलों ने बताया कि वो समन गैर कानूनी है।

## संपादकीय

# भूकंप संग जीना

नये साल के पहले दिन जापान ने फिर एक बड़े भूकंप का सामना किया। चंद लोगों के मरने व घायल होने के बावजूद इतने बड़े भूकंप के बाद जापान में जनजीवन पटरी पर लौटने लगा है। सुनामी की चेतावनी निष्प्रभावी साबित हुई है। दुनिया में शायद ही कोई ऐसा देश होगा जिसने इतने बड़े भूकंप के झटके सहने के बाद कोई बड़ा नुकसान नहीं झेला हो। हमें याद रहे कि बीते साल तुर्किये-सीरिया में आए 7.8 तीव्रता के भूकंप में करीब साठ हजार लोग मारे गये थे। जबकि जापान के इशिकावा में आए 7.6 तीव्रता वाले भूकंप में 48 के करीब लोगों के मरने की खबर आई है। वैसे 2011 में आये 9 तीव्रता के भूकंप में जरूर 18 हजार के करीब लोग मारे गए थे, लेकिन भूकंप के बजाय सुनामी में ज्यादा क्षति हुई थी और बड़ी इमारतों को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा था। भूकंप के साथ मुकाबले का यह जज्बा जापान की कई दशकों की योजना व भवननिर्माण तकनीक में बड़े बदलावों से संभव हो सका। वहां के राजनेताओं ने दूरदृष्टि का परिचय देते हुए भवनों के लिये भूकंपरोधी कोड बनाए और ईमानदारी से उसे लागू किया। जहां एक ओर आधारभूत संरचना में बड़ा सरकारी निवेश किया गया, वहीं देश की जनता ने भी सरकार के प्रयासों के साथ कदमताल की। दरअसल, जनधन की क्षति कम कर सकने के मूल में जापान में इंजीनियरिंग सफलता की विशिष्ट कहानी है, जो तब शुरू हुई जब बीसवीं सदी में भयावह भूकंप आया था। वर्ष 1923 में कांटो के भूकंप में करीब डेढ़ लाख लोगों के मरने की बात कही जाती है। बताते हैं कि उस दौरान शहर का एक बड़ा हिस्सा जमींदोज हो गया था। तब ईंटों से बनी पाश्चात्य शैली की तमाम इमारतें ढह गई थीं। उसके बाद तय किया गया कि हर इमारत में कंक्रीट व स्टील का प्रयोग अनिवार्य होगा। लकड़ी से बनी इमारतों से परहेज किया गया, बनाने पर मजबूत बीम के प्रयोग को अनिवार्य किया गया। दरअसल, जापान में जब भी भूकंप आया, उससे सबक लेकर आगे रीतियां-नीतियां तय की गई। समय-समय पर नियम-कानूनों में बदलाव किये गये। दरअसल, जापान भौगोलिक रूप से दो संवेदनशील प्लेटों के टकराव की दृष्टि से एक ऐसे संवेदनशील स्थान पर स्थित है, जिसे भूकंप की तकनीकी भाषा में रिंग ऑफ फायर कहा जाता है, जिससे वहां व आसपास के देशों में लगातार भूकंप आते रहते हैं। इसी क्रम में वर्ष 1981 में जापान में नये भवनों के निर्माण के लिये भूकंप-रोधी उपाय लागू कर दिये गये। जिसके सकारात्मक परिणाम वर्ष 2011 में रिक्टर स्केल पर नौ तीव्रता के भूकंप आने के बाद देखे गये। इस दौरान काफी कम नुकसान हुआ। जबकि 1923 में आए इसी तीव्रता के भूकंप में डेढ़ लाख के करीब लोग मरे थे। इस तरह जापान ने धीरे-धीरे भूकंप के साथ जीना सीख लिया और हर भूकंप के कुछ समय बाद जनजीवन सामान्य हो जाता है। इसके अलावा जापान के लोगों का राष्ट्रीय चरित्र भी इसमें शानदार भूमिका निभाता है। एक धैर्य व सहयोग जापानियों के व्यवहार में आपदा के दौरान नजर आता है। वे भूकंपरोधी उपायों का निर्माण आदि में ईमानदारी से प्रयोग करते हैं। भूकंप आता है, चेतावनी अलार्म बजते हैं और फिर कुछ समय बाद लोग अपने काम में जुट जाते हैं। सोच यही रहती है कि अगली बार यदि इससे बड़ा भूकंप आया तो हम क्या उसका मुकाबला कर पाएंगे। यही वजह है कि दुनिया में जापान के अलावा शायद ही कोई अन्य देश हो जो इतनी बड़ी आपदाओं में जन-धन की हानि को कम करने में सफल हुआ है। भारत में नीति-नियंताओं को जापान से सीखना चाहिए कि कैसे नागरिकों का जीवन ऐसी आपदाओं में बचाया जा सकता है। भारत में भूकंप अभियांत्रिकी में बड़ा काम हुआ है, जरूरत उसे ईमानदारी से लागू करने की है। आवश्यकता यह जांच करने की है कि तमाम बिल्डर जो घर बना रहे हैं उसमें भूकंपरोधी तकनीक का किस हद तक इस्तेमाल किया गया है। यह भी कि आपदा के बाद राहत-बचाव का कार्य सुचारु रूप से कैसे चल सकेगा।

## लटक रही तलवार!



भाग रहे हैं जांच से ।
लटक रही तलवार ।।
ना देते सहयोग ।
बोल रहे अधिकार ।।
बैठ जाओ पास में ।
करो तनिक उपकार ।।
रहे दहाड़ हर पल ।
बनते पर लाचार ।।
आ रही जो खबर ।
शुभ नहीं संकेत ।।
फिसले इमानदारी ।
जैसे फिसले रेत ।।
धमाचौकड़ी से केवल ।
बात न बनने वाली ।।
है करना स्पष्ट ।
ना चिल्लाओ खाली ।।
–कृष्णेन्द्र राय

# अखाड़े के चैम्पियन राजनीतिक पियादे बनकर अपना सारा सम्मान खो चुके हैं

**डॉ. आशीष वशिष्ठ**

बीते साल 18 जनवरी को विनेश फोगाट, साक्षी मलिक और बजरंग पुनिया के नेतृत्व में पहलवानों ने जंतर-मंतर तक मार्च किया और वहां धरना दिया। उनका दावा है कि भारतीय कुश्ती संघ यानी डब्ल्यूएफआई के प्रमुख बृज भूषण सिंह ने एक नाबालिग सहित महिला पहलवानों का यौन उत्पीड़न किया। पिछले एक साल में इस मामले में कई उतार चढ़ाव आ चुके हैं। बृज भूषण शरण सिंह के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा लिखा और अब मामला अदालत में है।

बृजभूषण सिंह पर मुकदमा लिखा जाने के बाद पहलवान शांत हो गए थे। लेकिन पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में भारतीय कुश्ती संघ के चुनाव हुए, जिसमें बृजभूषण के करीबी संजय सिंह और उनका गुट जीता। इस जीत के बाद पहलवानों ने दोबारा नाराजगी और प्रदर्शन का ड्रामा शुरू कर दिया। साक्षी मलिक ने मीडिया के सामने कुशती छोड़ने की घोषणा की। अगले दिन बजरंग पुनिया ने पद्मश्री लौटाने का ऐलान किया। वो पद्मश्री सम्मान को पीएम आवास के बाहर सड़क पर छोड़ आए। साक्षी और बजरंग के बाद विनेश फोगाट ने खेल रत्न ओर अर्जुन अवार्ड लौटाने का ऐलान किया। बजरंग की तरह वो भी पीएम आवास के बाहर अपना सम्मान सड़क पर छोड़ आई। पहलवान न्याय पाने के संघर्ष की आड़ में राजनीति कर रहे हैं। यह खुला तथ्य है कि पहलवानों को कांग्रेस पार्टी का समर्थन है। खबरें तो यह भी हैं कि साक्षी, विनेश और बजरंग को आगामी लोकसभा या हरियाणा विधानसभा चुनाव में पार्टी टिकट दे सकती है। ताजा प्रकरण में नाराज पहलवानों से मिलने प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी पहुंचे। राहुल गांधी की बजरंग पुनिया के गांव जाने और कुश्ती लड़ने वाली तस्वीरें पूरे देश न देखीं। विनेश के अवार्ड वापसी के बाद भी राहुल और प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया के माध्यम से मोदी सरकार पर तीखे हमले किये। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा की पहलवान आंदोलन से लेकर वर्तमान प्रकरण तक भूमिका सार्वजनिक है।




न्याय के लिए आंदोलन और अपनी आवाज बुलंद करने का अधिकार हमें हमारा संविधान प्रदान करता है। लेकिन खिलाड़ियों का एक राजनीतिक दल के कार्यकर्ता की भांति व्यवहार उचित नहीं ठहराया जा सकता। पिछले एक साल में ऐसे कई अवसर आए जब पहलवानों ने अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर सोची समझी रणनीति के तहत केंद्र की मोदी सरकार की छवि धूमिल करने वाले कृत्यों को अमली जामा पहनाया। याद करिए 28 मई का दिन। इस दिन देश को संसद का नया भवन मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने नए संसद भवन को राष्ट्र को समर्पित किया। वास्तव में हर देश के इतिहास में कुछ क्षण ऐसे होते हैं जो अमर होते हैं। कुछ तिथियां समय के चेहरे पर अमर हस्ताक्षर बन जाती हैं। 28 मई एक ऐसा ही दिन है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि संसद की इमारत केवल एक भवन नहीं है बल्कि 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। यह आत्मनिर्भर भारत के सूर्योदय का साक्षी है और एक विकसित भारत का प्रतीक है। लेकिन इस ऐतिहासिक दिन रंग में भंग डालने के लिए पहलवानों ने अपने राजनीतिक आकाओं के इशारे पर नए संसद भवन तक मार्च किया।

बीती 30 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या धाम में नवनिर्मित हवाई अड्डे ओर रेलवे स्टेशन का लोकार्पण किया। अयोध्या को देश से जोड़ने के लिए कई नई रेलगाड़ियों का हरी झंडी दिखाई। और अयोध्या धाम के विकास के लिए करोड़ों की योजनाओं की घोषणा की। अयोध्या के विकास और प्रभु श्रीराम मंदिर के लोकापर्ण से पूर्व इस कार्यक्रम की बड़ी महत्ता है। लेकिन पहलवान इस दिन भी प्रपंच करने से बाज नहीं आए। विनेश फोगाट इसी दिन पीएम आवास के बाहर अपना अर्जुन और खेल रत्न सम्मान वापस करने पहुंची और अपने अवार्ड सड़क पर छोड़कर चली आईं। पहलवानों का खास मौके पर नकारात्मक व्यवहार यह साबित करता है कि वे एक राजनीतिक दल के पयादे या मोहरे भर हैं। पूर्व की घटनाओं के आधार पर इस बात की संभावना है कि आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर रंग में भंग डालने के लिए पहलवान कोई नया नाटक या प्रपंच कर सकते हैं।

पूरा देश चाहता है कि पहलवानों को न्याय मिले। लेकिन न्याय पाने के लिए जो पहलवान जो प्रपंच और प्रोपगेंडा कर रहे हैं, वो देशवासियों को अखरता है। एक अहम प्रश्न यह भी है कि जब पहलवानों ने धरना प्रदर्शन किया, उस समय भी उन्हें देश के सारे पहलवानों या अखाड़ों का समर्थन प्राप्त नहीं हुआ। वहीं जाट समुदाय की खाप पंचायतें भी खुलकर उनके समर्थन में नहीं आई। इससे सहज ही यह अनुमान लगाया जा सकता है कि कहीं न कही पहलवान बिरादरी और जाट समुदाय ये मानता है कि पहलवानों ने इस मामले में राजनीति कर रहे हैं। यकीन मानिए अगर पहलवानों के आरोपों में सौ फीसदी सच्चाई झलकती तो पूरा देष उनके साथ खड़ा दिखाई देता। पहलवानों के आरोप बेबुनियाद और झूठा नहीं कहा जा सकता है, लेकिन इन आरोपों में राजनीति की मिलावट साफ-साफ दिखाई देती है।

पहलवान न्याय चाहते हैं, लेकिन अपने मन के मुताबिक। वो चाहते हैं कि कुश्ती महासंघ पर उनका वर्चस्व हो। वो कानून और नियमों को दरकिनार कुश्ती में बना रहना चाहते हैं। वो खुद को चैंपियन समझते हैं और ट्रायल देने में अपनी तौहीन समझते हैं। वो चाहते हैं कि सभी बड़ी खेल स्पार्धाओं में बिना ट्रायल उन्हें प्रवेश दिया जाए। ऐसा हो भी चुका है। 2022 के एशियाई खेलों में विनेश फोगाट और बजरंग पुनिया को बगैर ट्रायल सीधी एंट्री मिली। नतीजा सबका सामने है। विनेश चोट का बहाना बनाकर कुश्ती के रिंग में उतरी ही नहीं। और बजरंग पुनिया शून्य के शर्मनाक स्कोर के साथ अखाड़े में चित हो गए। कुश्ती ही नहीं प्रत्येक खेल में सफलता के लिए अनुशासन, संयम और निरंतर अभ्यास की जरूरत होती है। लेकिन जब कोई खिलाड़ी अनुशासन और अभ्यास को त्यागकर राजनीति, धरने प्रदर्शन और षड्यंत्रों का भागीदार बन जाएगा तो उसकी अखाड़े से खाली हाथ वापसी होनी ही है। 2022 के एशियाई खेलों में विनेश और बजरंग की जगह अगर दूसरे पहलवानों ने देश का प्रतिनिधित्व किया होता तो हमारी पदक तालिका में दो पदक और जुड़ जाते।

# नये साल से उम्मीदें तो बहुत हैं मगर कई चुनौतियां भी सामने खड़ी हैं

**ललित गर्ग**

नया साल प्रारंभ हो गया है तो हर बार की तरह इस बार भी नई उम्मीदें, नया विश्वास एवं नया धरातल लाया है। बीत गया एक और साल। नये की स्वीकृति के साथ पुराने को अलविदा कह देने की सामान्य सोच रही है। यह समझ देखी गयी है कि नयेपन के जादुई आकर्षण के जागते ही हम पुरानेपन को उतार फेंकना चाहते हैं। हमने बीते वर्ष में श्रेष्ठताओं की उपलब्धि पर सात्विक गर्व करने की अनेक स्थितियों को रचा है लेकिन हम सबके लिए और देश के लिए भी आने वाले वर्ष कुछ महत्वपूर्ण करणीय कार्य है। निश्चित ही नया साल हमेशा की तरह कुछ सवाल भी लेकर आया है। ऐसे सवाल जिनका हल निकाले बिना शायद हम संतुष्ट न हो पाएं और नये भारत-सशक्त भारत का सपना आधा-अधूरा ही कहा जायेगा। ऐसे नए-पुराने सवाल हर नए साल में सामने आते रहे हैं। कुछ सवालों को हल करने में हम सफल रहे, लेकिन कुछ सवाल हमेशा की तरह अनुत्तरित ही रह गए। सच तो यह है कि नई जिन्दगी की शुरूआत ही नया वर्ष है। यह पुरुषार्थ का सन्देश है, अधूरे रहे कामों एवं संकल्पों को पूरा करने का। इन क्षण जड़ताओं को तोड़कर मुक्त होती है हमारे विकास की उजली संभावनाएं। यह अच्छाइयों एवं अधूरे रहे कार्यों को पूरा करने की ओर मुड़ने की प्रेरणा है। अर्धशून्य ढर्रे की जीवनशैली एवं विकास योजनाओं को बदलने का बुजुर्गी सुझाव है। समस्या जब बहुत चिन्तनीय बन जाती है तो उसे बड़ी गंभीरता से नया मोड़ एवं रफ्तार देने की जरूरत है। शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं से जुड़े ऐसे ही अफसोस के अहसास हमारे लिये गंभीर होने चाहिए।

आजादी के अमृत काल में भी शिक्षा, चिकित्सा एवं पर्यावरण से जुड़ी चिन्ताओं का गहन बना रहना हमारी विकास यात्रा पर एक सवालिया निशान है। शिक्षा जगत से जुड़ी एक खबर सामने आई है, वह यह कि बढ़ती महंगाई और बदलते नियमों से विदेशों में पढ़ाई मुश्किल हुई है। सब जानते हैं कि शिक्षा हर परिवार के लिए एक महत्त्वपूर्ण मुद्दा है। हर मां-बाप अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाना चाहते हैं। कई बार अच्छी शिक्षा के लिए बच्चों को विदेश भी भेजना पड़ता है। सवाल यह है कि आबादी के हिसाब से दुनिया का पहले नंबर वाला देश क्या अपने यहां ही बच्चों को अच्छी शिक्षा मुहैया नहीं करा सकता? यह सवाल करोड़ों बच्चों की जिंदगी से जुड़ा हुआ है। सरकार के अनूठे एवं व्यापक प्रयत्नों के बावजूद शिक्षा और चिकित्सा के लगातार महंगे होने की चिन्ता से हर कोई परेशान है। शिक्षा और चिकित्सा को व्यवसाय बना देने एवं निजी हाथों में सौंप देने से ही दोनों महंगी हुई है, आम आदमी तक उसकी पहुंच जटिल होती गयी है। इस बात पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने चिन्ता जताते हुए कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य दोनों ही हर व्यक्ति की मूलभूत जरूरत है पर दोनों ही महंगी और दुर्लभ हो रही हैं। इसकी वजह जनसंख्या के मुताबिक उपलब्धता की कमी और व्यावसायिकता है। नये भारत के निर्माण के साथ समय की इस दस्तक को सुनें। निश्चित ही यह भारत की समृद्धि एवं विश्व प्रतिष्ठा की दृष्टि से एक अनूठा उपक्रम हो सकता हैं, लेकिन प्रश्न भारतीय छात्रों का है, उनकी शिक्षा से जुड़ी समस्याओं का है। महंगी होती शिक्षा आम जनजीवन से दूर होती जा रही है, ऐसे में भारतीय छात्रों की सूध कौन लेगा? शिक्षा पर लंबे-लंबे भाषण देने वाले राजनेता, शिक्षाविद, अधिकारी और मंत्री भी देश की इन स्थितियों से परिचित हैं। बसों में मूंगफली बेचते हुए, स्टेशनों पर भीख मांगते हुए, चौराहों पर भुट्टा भूजते हुए, फैक्ट्रियों में बिसलरी की बोतलों में पानी भरते हुए, सड़क के किनारे टाट पर सब्जी बेचते या चाट का ढेला लगाते हुए इन बच्चों को कौन नहीं देखता है। ऐसा इन्हें क्यों करना पड़ता है? यह जानने की कोशिश कितने लोग करते हैं? रिक्शा, ऑटोरिक्शा, बस चलाने वाले ड्राइवरों के पीछे की भी कहानी ऐसी ही होती है। नीति-नियंता लोग अपने निजी ड्राइवर, नौकर या कामवाली बाई की पारिवारिक स्थिति के बारे भी विचार कर लेते तो भी इस तरह की स्थितियों के बारे में बहुत कुछ आसानी से समझ लेते। कहीं-कहीं ये भी देखने को मिलता है कि जिन बच्चों की खिलौनों से खेलने की उम्र होती है वही बच्चे मेला, हाट-बाजार में खिलौना बेचते हुए मिलते हैं। किताबों से तो उनका दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं होता। फिर विकास के सुनहरे सपने उन्हें कैसे दिखाई दे सकता है? इन स्थितियों में कैसे नया भारत-सशक्त भारत आकार ले सकेगा?

आइआइटी, एनआइटी और आइआइएसईआर, आइआइएम, केन्द्रीय विश्वविद्यालय, जेएनयू, बीएचयू जैसे विश्वविद्यालयों में भले ही फीस कुछ कम है, लेकिन यहां तक पहुंचने की प्रक्रिया बहुत जटिल एवं प्रतिस्पधार्पूर्ण है। बच्चे संघर्ष करके वहाँ तक पहुँच जाते हैं और पढ़ाई आसानी से कर लेते हैं। किंतु अब वहां की भी फीस बढ़ाने की कवायद तेजी से होने लगी है। तमाम सरकारी प्रयासों एवं योजनाओं के शिक्षा महंगी होती जा रही है, तो देश का निम्न एवं मजदूर वर्ग यह सोचने को मजबूर है कि वह अपने बच्चों की पढ़ाई की व्यवस्था कैसे करे। निजी कॉलेजों में तो इतना अधिक पैसा लगता है कि मध्य वर्ग के भी कान खड़े हो जाते हैं, तो फिर निम्न वर्ग की बात ही क्या?

यहां बात सिर्फ शिक्षा तक ही सीमित नहीं रह जाती। शिक्षा के साथ एक और विषय है जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। वह है, चिकित्सा। जिस तरह गुणवत्ता के मामले में भारत के विश्वविद्यालय पिछड़े हुए हैं, उसी तरह की छवि भारत के अस्पतालों की है। मतलब साफ है कि अच्छी पढ़ाई हो या बेहतर इलाज, जेब में पैसा हो तो पकड़ो विदेश की राह। गंभीर सवाल यह है कि जिसकी जेब में पैसा नहीं है, वह क्या करे? क्या उसे अच्छी पढ़ाई या बेहतर इलाज कराने का हक नहीं है? नए साल में हमें, हमारी सरकारों और इन क्षेत्रों से जुड़े विशेषज्ञों को इन्हीं सवालों के जवाब ढूंढ़ने चाहिए। हमने जीवन के हर क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं तो फिर शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र भला अछूते क्यों रहें? जब हम देश के लोगों को ही समुचित शिक्षा नहीं दे पा रहे हैं तो विदेशों के लिये दरवाजें खोलना एवं उन पर सरकार की बड़ी शक्ति का खर्च होना कैसे औचित्यपूर्ण हो सकता है? एक ऐसे देश में जहां वंचित समूह पहले से ही अपनी भावी पीढ़ी को शिक्षित बनाने के लिए कठिन परीक्षाओं के दौर से गुजर रहा हो, निजी स्कूलों व अस्पतालों की संवेदनहीनता एवं अर्थ लोलुपता से सामाजिक असंतोष एवं विद्रोह के स्वर उभरते रहे हैं।

शिक्षा एवं चिकित्सा की भांति पर्यावरण के प्रति उपेक्षा भी अनेक समस्याओं का कारण है। भारत में ग्लोबल तापमान के चलते होने वाला विस्थापन अनुमान से कहीं अधिक है। मौसम का मिजाज बदलने के साथ देश के अलग-अलग हिस्सों में प्राथमिक आपदाओं की तीव्रता आई हुई है। हिमाचल प्रदेश में बाढ़ हो या सिलक्यारा में सुरंग हादसा- भारत में पर्यावरण समस्या को नजरअंदाज करने के परिणाम है।

# 2023 में भारत ने आर्थिक क्षेत्र में जो उपलब्धियां हासिल कीं वह लंबे समय तक याद रखी जाएंगी

**प्रह्लाद सबनानी**

वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर लगभग 7 प्रतिशत के आसपास रहने की प्रबल सम्भावनाएं बन रही हैं। इस वर्ष की प्रथम तिमाही, अप्रैल-जून 2023, में आर्थिक विकास दर 7.8 प्रतिशत की रही है, वहीं द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2023 में 7.6 प्रतिशत की रही है। इसी प्रकार, दीपावली त्यौहार पर लगभग 4 लाख करोड़ रुपए के व्यापार के चलते एवं अक्टोबर 2023 माह में विनिर्माण के क्षेत्र में विकास दर के 12 प्रतिशत से ऊपर रहने से इस वर्ष की तृतीय तिमाही, अक्टूबर-दिसम्बर 2023, में भी आर्थिक विकास 7 प्रतिशत रह सकती है। इससे पूरे वित्तीय वर्ष 2023-24 में भी आर्थिक विकास दर 7 प्रतिशत रहने की प्रबल सम्भावनाए बन रही हैं। जबकि, विश्व के कई अन्य विकसित देशों में मंदी की सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार भारत वर्ष 2023 में भी लगातार विश्व की सबसे तेज गति से विकास करती अर्थव्यवस्था बना रहा। भारत के आर्थिक विकास में लगातार गति आने से भारत में विदेशी निवेश की मात्रा भी लगातार बढ़ रही है। इससे भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। 8 दिसम्बर 2023 को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 60,700 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर था, जो 15 दिसम्बर 2023 को समाप्त सप्ताह में बढ़कर 61,600 करोड़ अमेरकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गया एवं 22 दिसम्बर 2023 को समाप्त सप्ताह में 62,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर गया है। इस प्रकार, भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में तेजी का सिलसिला लगातार जारी है। हालांकि, अक्टूबर 2021 में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार अपने उच्चतम स्तर 64,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया था, अब शीघ्र ही इस उच्चतम स्तर को पार कर जाने की भरपूर सम्भावना व्यक्त की जा रही है। कोरोना महामारी के दौरान, भारतीय रुपए पर अत्यधिक दबाव आ गया था, अंतरराष्ट्रीय बाजार में रुपए को अवमूल्यन से बचाने एवं भारत रुपए के मूल्य को स्थिर बनाए रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने अमेरिकी डॉलर को भरपूर मात्रा में बाजार में बेचा था इससे भारत में विदेशी मुद्रा भंडार कम हो गया था। विदेशी मुद्रा भंडार किसी भी देश को जरूरत पड़ने पर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करता है। विदेशी मुद्रा भंडार के बढ़ने से केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक को देश के आर्थिक विकास में गिरावट के चलते पैदा हुए किसी भी बाहरी एवं अंदरूनी वित्तीय अथवा आर्थिक संकट से निपटने में मदद मिलती हैं। यह आर्थिक मोर्चे पर संकट के समय देश को आरामदायक स्थिति उपलब्ध कराता है।

विश्व बैंक द्वारा जारी की गई एक जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में अनिवासी भारतीयों ने रिकार्ड 12,500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि का प्रेषण भारत में किया है। अनिवासी भारतीयों द्वारा भारत में भेजी गई यह राशि पूरे विश्व में किसी भी देश को भेजी गई राशि में सर्वाधिक है। यह आर्थिक क्षेत्र में भारत की आंतरिक मजबूती को दशार्ता है। विदेशी निवेशकों के साथ ही अनिवासी भारतीयों का भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। अमेरिका, ब्रिटेन, सिंगापुर एवं खाड़ी के देशों में अनिवासी भारतीयों की भारी संख्या निवास करती है और केवल इन 4 देशों से ही 54 प्रतिशत प्रेषण भारत को प्राप्त हुआ है। वर्ष 2022 में अनिवासी भारतीयों द्वारा 11,110 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि भारत में प्रेषित की गई थी।

भारत आज विश्वभर के निवेशकों के लिए एक आकर्षक केंद्र के रूप विकसित हो गया है। विशेष रूप से केंद्र सरकार एवं कुछ राज्यों द्वारा की जा रही पहल विदेशी पूंजी को भारत में आकर्षित करती नजर आ रही है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के लिए भारत आज इमर्जिंग अर्थव्यवस्थाओं के बीच स्वीट स्पॉट के रूप में दिखाई दे रहा है। इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और फार्मा जैसे 14 प्रमुख क्षेत्रों के लिए उत्पादन से जुड़ी उत्पादन प्रोत्साहन योजना ने विदेशी निवेशकों की भारत में रुचि बढ़ा दी है। साथ ही, पिछले कुछ वर्षों में श्रम, कराधान और व्यापार परमिट जैसे क्षेत्रों में नियामक सुधारों से व्यापार करने में आसानी बढ़ी है। अच्छी तरह से विकसित बुनियादी ढांचा और कुशल श्रम की उपलब्धता देश को निवेश के अन्य देशों के विकल्प के मामले में एक तरह की बढ़त देते हैं, जो विदेशी निवेशकों के निर्णय लेने की प्रक्रिया में सहायता करते नजर आ रहे हैं।

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी किए गए एक अनुपालन प्रतिवेदन में बताया गया है कि वित्तीय वर्ष 2023-24 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितंबर 2023, में भारत का चालू खाता घाटा 830 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि से कम होकर सकल घरेलू उत्पाद का एक प्रतिशत रह गया है। यह वित्तीय वर्ष 2022-23 की द्वितीय तिमाही, जुलाई-सितम्बर 2022, में 3000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहते हुए सकल घरेलू उत्पाद का 3.8 प्रतिशत था। भारत के विदेशी व्यापार के मामले में यह एक अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर हुआ है। चालू खाता घाटा किसी भी देश के वस्तुओं और सेवाओं के आयात एवं निर्यात के मूल्य के साथ साथ वित्तीय हस्तांतरण के बीच के अंतर को मापता है। चालू खाता घाटे का कम होना किसी भी देश के लिए अच्छी स्थिति कही जाती है क्योंकि इससे मजबूत हो रहे निर्यात एवं कम हो रहे आयात की स्थिति का पता चलता है।

वर्ष 2023 में भारतीय बैंकों विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र के बैंकों में गैर निष्पादनकारी आस्तियों का स्तर लगभग न्यूनतम स्तर पर आ गया है और पूंजी पर्याप्तता अनुपात लगभग उच्चत्तम स्तर पर आ गया है। कई बैंकों में तो यह स्तर अमेरिकी बैकों के पूजीं पर्याप्तता अनुपात से भी अधिक है। कुछ वर्ष पूर्व तक सरकारी क्षेत्र के बैंकों में पूंजी पर्याप्तता अनुपात को अंतरराष्ट्रीय स्तर के मानकों पर बनाए रखने के लिए केंद्र सरकार को इन बैंकों में पूंजी डालनी होती थी परंतु आज सरकारी क्षेत्र के बैंक केंद्र सरकार को भारी भरकम लाभांश की राशि का भुगतान कर रहे हैं। बैंकिंग के क्षेत्र में तो जैसे टर्न अराउंड ही दिखाई देता है।

भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी एक अन्य प्रतिवेदन के अनुसार, भारत के विभिन्न राज्यों की बजटीय स्थिति एवं इनके राजकोषीय स्वास्थ्य में लगातार मजबूती दिखाई दे रही है। विभिन्न राज्यों ने वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2022-23 में किए गए सुधारों को जारी रखा है, जिसके चलते राज्यों का संयुक्त राजकोषीय घाटा नियंत्रण में रहते हुए कम हुआ है। केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्यों के राजकोषीय घाटे पर, कोविड महामारी के बाद अत्यधिक दबाव पैदा हो गया था परंतु इसके बाद से लगातार स्थिति में सुधार हुआ है। मुख्य रूप से कर संग्रहण के अनुपालन में सुधार करते हुए कर संग्रहण में पर्याप्त वृद्धि हुई है एवं कुछ राज्यों द्वारा खर्चों पर नियंत्रण भी किया जा सका है, हालांकि पूंजीगत व्ययों को प्रभावित नहीं होने दिया गया है, जिसके कारण राजकोषीय घाटे की स्थिति में सुधार दिखाई देने लगा है।

# वेलफेयर क्लब ने घोषित किया स्व. आनन्द स्वरूप वर्मा स्मृति निबन्ध प्रतियोगिता परिणाम

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। वेलफेयर क्लब द्वारा आयोजित बौद्धिक ज्ञान प्रतियोगिता अंतर्गत गत 10 दिसंबर को हुए स्वर्गीय आनंद स्वरूप वर्मा स्मृति निबंध प्रतियोगिता का परिणाम आज पीरनगर स्थित प्रधान कार्यालय पर घोषित किया गया । जिसके अनुसार कनिष्ठ वर्ग में प्रथम स्थान पर एडुरेंन ग्लोबल स्कूल देवचंदपुर से सायमा तथा आरजेपी स्कूल सैदपुर से काव्या रही , द्वितीय स्थान पर मार्टिन्स चिल्ड्रेन अकेडमी भावरकोल से अभिमन्यु शुक्ला तथा तृतीय स्थान पर राहुल सांकृत्यायन ऊ मा विद्यालय गौसपुर से अनामिका यादव रहीं। सेंट जॉन्स स्कूल से रितिका यादव, रामेश्वरम गुरुकुलम मेदनीपुर से अनन्या सिंह, सत्यदेव इंटरनैशनल स्कूल से अनुष्का यादव सांत्वना पुरस्कार तथा रामदूत इंटरनेशनल स्कूल से अनन्या सिंह व डिवाइन हर्ट पब्लिक स्कूल अगस्ता से छवि सिंह को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चुना गया है। इसी प्रकार ज्येष्ठ वर्ग में रेनबो मार्डन स्कूल नंदगंज से रिद्धिमा प्रथम, एडुरेंन ग्लोबल स्कूल से राजनंदिनी द्वितीय, तथा सत्यदेव इंटरनैशनल स्कूल से जान्हवी सिंह



तृतीय जबकि रामदूत इंटरनेशनल स्कूल से छवि वशिष्ठ, सेंट मैरिज कान्वेंट स्कूल से राशि सिंह, सन्त कबीर पब्लिक स्कूल से आकांक्षा यादव व मार्टिन्स चिल्ड्रेन अकेडमी से राजिया परवीन को सांत्वना पुरस्कार तथा सेंट मैरिज कान्वेंट से मांडवी दुबे, सत्यदेव इंटरनैशनल स्कूल से रिया यादव मार्टिन्स चिल्ड्रेन अकेडमी से रंजना बौद्ध को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चयन किया गया। वरिष्ठ वर्ग में लूर्दस कान्वेंट बालिका इण्टर कालेज से संश्रिता यादव प्रथम, सन फ्लावर कान्वेंट स्कूल नंदगंज से रिचा राय द्वितीय, तथा एडुरेंन ग्लोबल स्कूल से ज्योति यादव तृतीय स्थान पर रही। सांत्वना पुरस्कारों के लिए तथा चंदनी पब्लिक स्कूल सूरतापुर से स्नेहा तिवारी, राहुल सांकृत्यायन ऊ मा विद्यालय से सपना यादव, सनफ्लावार कान्वेंट नंदगंज से अंजली यादव तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए सत्यदेव इंटरनैशनल स्कूल से रिद्धिमा यादव का चयन किया गया। क्लब पीआरओ सुर्य रेख मणि ने बताया कि प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कारों का वितरण 27वें वेलफेयर उत्सव में किया जाएगा जबकि सांत्वना तथा प्रोत्साहन पुरस्कारों का वितरण विद्यालयों के माध्यम से किया जाएगा । इस अवसर पर संस्था के उपाध्यक्ष धीरेंद्र त्रिपाठी डॉ जितेंद्र कुमार, संजय वर्मा, सुषमा यादव, पवन कुमार पांडे, राहुल मिश्रा, अजय यादव, राम कुमार विश्वकर्मा, नौशाद अहमद, सत्येंद्र श्रीवास्तव, रामनाथ कुशवाहा श्रीमती रिंकू यादव समेत क्लब के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एंटी करप्शन टीम ने चकबंदी के बाबू को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ा



प्रखर संतकबीरनगर। चकबंदी कार्यालय में जमीन पैमाइश को लेकर 20000 घूस लेते हुए कार्यालय का बाबू रंगे हाथ हुआ गिरफ्तार एंटी करप्शन टीम ने आरोपी वालों को गिरफ्त में लेकर सदर कोतवाली पहुंची जहां वैधानिक कार्रवाई करते हुए फारूकी बाबू को न्यायालय के सपोर्ट कर दिया है दरअसल पूरा मामला संत कबीर नगर जिले के कलेक्ट्रेट स्टेट कलेक्ट्रेट स्थित है चकबंदी कार्यालय का है कार्यालय में एक जमीन की पैमाइश को लेकर गुलाम मुस्तफा नामक एक व्यक्ति अपनी जमीन पैमाइश को लेकर चकबंदी कार्यालय पहुंचा था और इस पूरे प्रकरण को लेकर कार्यालय में तैनात बाबू ने?20000 की डिमांड की थी इससे आहत पीड़ित ने इसकी सूचना एंटी करप्शन टीम को दी एंटी करप्शन टीम ने कार्रवाई करते हुए आज मुकेश कुमार नामक पेशकार को घूस लेते हुए रंगे हाथ एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार कर लिया है वहीं वैधानिक कार्रवाई करते हुए कार्यालय से सदर कोतवाली लाया गया जहां उसे न्यायालय के सपोर्ट एंटी करप्शन लेकर वैधानिक कार्रवाई में जुटी है।

## जेसीआई चेतना ने किया कंबल वितरण

प्रखर जौनपुर। बढ़ते ठंड को देखते हुए जहां एक ओर शासन प्रशासन कंबल वितरण कर जरुरतमंदो को राहत पहुंचाने का काम कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ सामाजिक संस्थाओं ने भी सहयोग का हाथ बढ़ाना शुरू कर दिया है ,इसी क्रम में सामाजिक संस्था जेसीआई चेतना की अध्यक्ष मीरा अग्रहरी के नेतृत्व में नगर स्थित बालबाड़ी स्कूल के परिसर में कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन हुआ । साथ ही खाद्य सामग्री वितरित की गई। कार्यक्रम में उपस्थित बालवाड़ी स्कूल की शिक्षिका ज्योती शाह ने संस्था की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह एक बड़ा ही नेक कार्य है,जरुरतमंदो की सेवा बड़ा ही पुनीत कार्य है, संस्था की सदस्यों ने कंबल वितरण कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष जेसी एचजीएफ नीतू गुप्ता, अनीता



सेठ, ममता कश्यप, अनीता गुप्ता, चेतन साहू, ममता गुप्ता, रेनू गुप्ता उपस्थित रहीं, कार्यक्रम का संचालन आकांक्षा द्विवेदी तथा आभार, संस्था की सचिव वंशिका सिंह ने ज्ञापित किया।

## चिकन, मटन कारोबारियों ने एसडीएम से मिलकर सौंपा ज्ञापन

प्रखर शाहगंज जौनपुर। शाहगंज में लगभग एक सप्ताह से बंद चिकन, मटन के गोश्त की बिक्री पर कोतवाल द्वारा रोक लगाए जाने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। गुरुवार को नगर के दर्जनों मुर्गा और बकरा के गोश्त के कारोबारियों ने वरिष्ठ समाजसेवी एजाज अली के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंप कर सभी दुकाने खोलवाने की मांग की। ज्ञापन में गोश्त कारोबारियों ने कहा की शाहगंज प्रभारी निरीक्षक आदेश त्यागी द्वारा बिना किसी शासनादेश के नगर के समस्त मुर्गा, मुर्गी, बकरा का गोश्त बेचने सभी छोटे बड़े दुकानदारों को गोश्त बेचने पर रोक लगा दिया।जबकि सभी दुकानदार साफ सफाई का पूर्ण ध्यान रखते हैं।

# बिरनो ब्लाक परिसर में मनाया गया शहीद निरंजन की 21वीं शहादत दिवस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो ब्लाक परिसर में गुरुवार को शहीद निरंजन राजभर का 21वी शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शहीद निरंजन राजभर वर्ष 1970 में बीएसएफ में भर्ती हुए थे। देश की रक्षा करते हुए उन्होंने प्राणों की आहुति दे दी। शहीद के पुत्र कैलाश राजभर ने पुष्पांजलि अर्पित किया तो उनके आंखों से आंसू आ गए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक उमाशंकर कुशवाहा व विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री डॉ रामाशंकर राजभर ने कहा कि शहीद किसी जाति व धर्म का नहीं होता है। वह सब का होता है। सभी लोगों को शहीद परिवार का सम्मान करना चाहिए। शहीद होने के बाद क्षेत्र का गौरव बढ़ जाता है। शहीद के पुत्र



कैलाश राजभर ने बताया कि पिताजी के शहीद होने के बाद अब तक पेट्रोल पंप, गैस एजेंसी और पार्क के जमीन नहीं मिली है। इस अवसर पर बिरहा कलाकार चंद्रहास राजभर, विजय राजभर, मन्नू राजभर ने बिरहा के माध्यम से शहीद के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित किया।इस अवसर पर देवेंद्र यादव उर्फ मटरू, अनिल राजभर रामनिवास कवि, लालू राजभर, रामउग्रह राजभर, पारस यादव, चंचल पहलवान, मनोज राजभर, संजय प्रधान, मन्नू राजभर, गुड्डु गुप्ता प्रधान, अवधेश राजभर, श्रवण राजभर, सप्पू गुप्ता, राजकुमार राजभर, आदि थे। अध्यक्षता शहीद विनोद राजभर के पिता तिलकधारी राजभर व संचालन रामनरायण राजभर ने किया। शहीद के पुत्र कैलाश राजभर ने आये हुये सभी लोगों के प्रति आभार जताया।

# बीएचयू आईआईटी मामले पर प्रदर्शन कर महिला कांग्रेस कमेटी ने डाक से भेंजी चूड़ियां

प्रखर वाराणसी। बीएचयू आईआईटी की छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म के तीनों आरोपी भाजपाई निकले है। इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री के चुप्पी पर जिला/महानगर महिला कांग्रेस कमेटी द्वारा नदेसर डाकघर के पास प्रदर्शन कर महिला कांग्रेस की महिलाओं द्वारा काशी के सांसद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके चुप्पी पर डाक के माध्यम से चूड़ी भेजा गया। उक्त कार्यक्रम का नेतृत्व/संयोजन जिलाध्यक्ष महिला कांग्रेस अनुराधा यादव व महिला कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पूनम विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से किया। घटना को लेकर महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष अनुराधा यादव व महिला कांग्रेस की महानगर अध्यक्ष ,पूर्व पार्षद पूनम विश्वकर्मा ने कहा कि बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में दो महीने पहले एक छात्रा के साथ गैंगरेप हुआ। इस घटना के बाद सीसीटीवी फुटेज में तीनों आरोपी साफ दिखाई दिए। उनके नाम कुणाल पांडे, अभिषेक चौहान और सक्षम पटेल हैं, ये सभी बीजेपी आईटी सेल के पदाधिकारी हैं। बीजेपी एक ओर कहती है कि 'बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ', लेकिन सच्चाई यह है कि बीजेपी महिलाओं के लिए 'बलात्कारी जनता पार्टी' बन चुकी है। आज हम महिलाएं प्रधानमंत्री जी के चुप्पी पर उन्हें डाक द्वारा चूड़ी भेजकर अपना विरोध दर्ज कराए है। सवाल यह है कि बीएचयू आईआईटी में दो महीने पहले एक छात्रा का गैंगरेप हुआ, एफआईआर दर्ज होने के बावजूद 60 दिन तक गिरफ़्तारी नहीं हुई आखिर क्यों? किस भाजपा नेता के दबाव में गिरफ्तारी रुकी थी जब गिरफ़्तारी हुई तब तीनों आरोपी बीजेपी के पदाधिकारी निकले। वाराणसी आईटी सेल का संयोजक कुणाल पांडेय, आईटी सेल का सह-संयोजक सक्षम पटेल और वाराणसी में जोल्हा वार्ड का पदाधिकारी आनंद उर्फ. अभिषेक चौहान।इस घटना में भाजपा सदस्यों का हाथ है इस बात को हमारे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय पहले ही कह चुके थे परंतु उनपर एबीवीपी के सदस्यों द्वारा मुकदमा किया गया।आखिर फिर क्या हुआ भाजपा की कालिख कलई खुल गयी और श्री अजय राय जी की बात सत्य साबित हुई।तीनों की बीजेपी में खूब पैंठ है। प्रधानमंत्री मोदी, अध्यक्ष नड्डा और महिला बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी तक मजबूत पहुँच है। स्थानीय विधायक सौरभ श्रीवास्तव के तो तीनों आरोपी अभिन्न अंग है।मामला बनारस का है, पर अभी तक ना वहाँ के सांसद मोदी ना महिला विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने एक भी शब्द बोला है। लेकिन एक बात साफ है कि बीजेपी ना सिर्फ. बलात्कारियों को संरक्षण देती है बल्कि उन्हें ऊँचे पद और शीर्ष नेतृत्व के करीब भी रखा जाता है। धिक्कार है ऐसी पार्टी और उनके नेताओं पर इसलिए हम महिलाओं ने चूड़ी भेजी है। उक्त कार्यक्रम में अनुराधा यादव,पूनम विश्वकर्मा, पूनम कुंडु, चंद्रकला पुष्कर, मीना, आशा देवी, सीमा पटेल, सोनी देवी, आरती विश्वकर्मा, नसीमा, लक्ष्मी विश्वकर्मा, नगमा,रीता, शकुंतला आरती पटेल, सुनीता देवी, बबिता, उषा, सरिता, कुमकुम, मनोरमा, पूजा, हीरावती समेत दर्जनों महिला कार्यकर्ता उपस्थित रही।

## गाँव के लोग होंगे खुशहाल, देश होगा विकसित : प्रमोद वर्मा

प्रखर ब्यूरो जखनिया/गाजीपुर। विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन आज गाजीपुर के जाही व राजापुर गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत। हमारा संकल्प विकसित भारत उद्देश्य के साथ देश भर में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा मोदी की गारंटी की गाड़ी आज जखनियां ब्लाक के जाही व राजापुर गांव पहुंची जहां भाजपा के युवा नेता अभिनव सिन्हा द्वारा संकल्प वैन का नेतृत्व किया गया। उक्त अवसर पर अभिनव सिन्हा ने कहा कि पहले हम सुनते थे कि सरकार आपके द्वार आएगी और वह आज मोदी सरकार हकीकत में तब्दील कर रही है। उन्होंने कहा घर-घर जाकर असल लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराने के साथ-साथ उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं से वंचित अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है। संकल्प यात्रा वैन गांव गांव जाकर लोगों को लाभान्वित कर रही है। पूर्व जिलापंचायत सदस्य अनिल पांडेय ने कहा आयुष्मान भारत योजना के तहत लाभार्थियों को निशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं। उज्वला योजना के तहत लाभार्थी महिलाओं को धुआं भरी जिंदगी से छुटकारा दिलाने के लिए रसोई गैस सिलेंडर निशुल्क दिए जा रहे हैं। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को परिवार पहचान पत्र के तहत सभी



सुविधाएं दी जा रही हैं। व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि जहां से लोगों की उम्मीद समाप्त होती हैं वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है हमें इस यात्रा से संकल्प लेते हुए भारत सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है, देश के 100वे स्वतंत्रता दिवस 2047 तक भारत को विकसित देश बनाना है, नरेंद्र मोदी के सपने को साकार करना है। वर्मा ने कहा जाति, पाति, धर्म का भेद मिटाना है, हमारे गरीब, शोषित, वंचित, नवजवान, मातृशक्ति, किसान भाइयों को मजबूत बनाना है। हमारा देश गांव में बसता है उस गांव को खुशहाल बनाना है। इसके लिए हर गांव के नौजवान शिक्षित भाइयों को आगे आना होगा और विकसित भारत संकल्प यात्रा का अम्बेसडर बनकर सरकार की जन योजनाओं को लोगों को बताना होगा। यही विकसित भारत संकल्प यात्रा का ध्येय है। यह मोदी की गारंटी है जिनको योजनाएं मिल चुकी है वह तो लाभ ले ही रहे हैं जिनको नहीं मिली हो उनको भी निश्चित रूप से योजनाओं का लाभ मिलेगा यह विश्वास दिलाता हूँ। इस मौके पर विडियो जखनीय संजय गुप्ता, ग्राम प्रधान सुशीला देवी, ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार, फैज अहमद, तारा देवी, राजपुर ग्राम प्रधान महेंद्र यादव, मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, प्रधान प्रतिनिधि माकर चौहान, ग्राम प्रधानप्रतिनिधि अशोक गुप्ता, ए डि ओ पंचायत राजकमल गौरव, अजय, अशोक मौर्या, अनिता, जुलेखा बेगम, अब्दुल रहमान समेत तमाम ग्रामीण व क्षेत्रवासी, लाभार्थी मौजूद रहे। संचालन से संजय पांडेय ने किया।

# पीएचसी पर फिर धमकी सीएमओ, मची खलबली

प्रखर खेतासराय जौनपुर। सूबे के राज्यमंत्री के स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव के गृह विधानसभा क्षेत्र के पीएचसी सोंधी पर इमरजेंसी ड्यूटी पर नदारद रहने का मामला खसा तूल पकड़

**मंत्री के अचानक पहुँचने से डॉक्टर के अनुपस्थिति का हुआ था खुलासा**

लिया है । आननफानन में जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रथम द्दष्टिता लापरवाही सामने आने पर चिकित्सा प्रभारी डॉ रमेश चंद्रा पर कार्यवाही के लिए शासन को संतुति भेज दी । गुरुवार की दोपहर फिर पीएचसी पर पहुँची । स्वास्थ्य कर्मियों से पूछताछ की । उनके आने से हड़कम्प की स्तिथि रही । दरअसल एक जनवरी को स्टेशन गली में चाय की दुकान चला रहे वेद प्रकाश को रात्रि को दबंगों ने हॉकी डंडा से मारपीट कर रक्तरंजित कर दिया था । थाने में



आवश्यक कार्यवाही के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे तो चिकित्सकीय परीक्षण के लिए डॉक्टर नही रहा । सूचना पर पहुँचे राज्यमंत्री गिरीश यादव नाराज हो उठे । रात में ही सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह पहुँचकर शाहगंज सीएचसी से चिकित्साधिकारी बुलाकर घायल युवक का मेडिकल कराया । इस प्रकरण के बाद से ही जिला प्रशासन में खलबली मच गई । सीएमओ ने घोर लापरवाही के मामले में डॉ रमेश चंद्रा को शासन से कार्रवाई के लिए सिफारिश भेज दिया । मालूम होकि उक्त चिकित्सा प्रभारी हमेशा चचाओं में रहा है । सूत्र बताते है कि वह रात्रि में पीएचसी पर निवास के बजाए आजमगढ़ जनपद के लालगंज तहसील क्षेत्र में अपने सगे सम्बन्धी हॉस्पिटल पर निवास करता है । जिन्हें पूर्व में तत्कालीन डीएम दिनेश कुमार सिंह, प्रभारी मंत्री समेत खुद राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव कई बार गंभीर शिकायत मिलने पर उन्हें फटकार लगा चुके हैं।

**मीडियाकर्मियों को देख सीएमओ ने दरवाजा बन्द कराया**- खेतासराय(जौनपुर) गुरुवार को यहाँ पहुची सीएमओ डॉ लक्ष्मी सिंह सीधे ओपीडी रूम पहुँची। फार्मासिस्ट अशोक यादव से उपस्थिति रजिस्टर और ओपीडी रजिस्टर माँग कर तहकीकात की । कवरेज करने पहुँचे पत्रकारों को देख उन्होंने दरवाजा बंद करा दिया । करीब 20 मिनट बाद बाहर निकली तो उन्होंने कुछ भी बोलने से गुरेज किया । कयास लगाया जा रहा कि वह चिकित्सा प्रभारी रमेश चन्द्रा के प्रकरण में जाँच करने आये थी । केन्द्र पर लोग कहते दिखे अगर राज्यमंत्री रेंडम विजिट न करते तो डॉक्टरों की मनमानी सामने नही आती।

## यूपी महोत्सव को हम सब हर जन-जन का शान समझते हैं

प्रखर लखनऊ। लखनऊ अलीगंज सेक्टर -ओ के पोस्टल ग्राऊण्ड में यूपी. प्रदर्शनी के सांस्कृतिक मंच पर आयोजित यूपी. महोत्सव में प्रगतिशील मानव कल्याण एवं शिक्षण संस्थान की संस्थापिका डॉ.राधा बिष्ट एवं कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.पारसनाथ श्रीवास्तव के प्रमुख दिशा निर्देशन में झरना काव्य संगम एवं प्रगतिशील काव्य भूषण सम्मान समारोह का आयोजन छन्द के प्रख्यात कवि आचार्य ओम् नीरव के अध्यक्षता में प्रख्यात कवयित्री डॉ.करूणा पाण्डेय मुख्य अतिथि, कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक विशिष्ट अतिथि के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ` विशेष रूप से अध्यक्षता कर रहे आचार्य ओम् नीरव को काव्या चार्य सम्मान और लगभग पांच दर्जन साहित्यिक रचनाकारों को प्रगतिशील काव्य भूषण सम्मान संस्थापिका डॉ.राधा बिष्ट एवं कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.पारसनाथ श्रीवास्तव ने भेंट किया` तत्पश्चात डॉ.मधु पाठक मांझी द्वारा मां शारदे श्वर साधना का प्यार दें, अशुद्धता को शुद्ध कर मम ज्ञान दें, कवि इंद्रजीत तिवारी निर्भीक -गाजीपुर ने - यूपी. महोत्सव को हम सब जन-जन का शान समझते हैं, यूपी. महोत्सव को हम सब पूरा हिन्दुस्तान समझते हैं,ना इज्जत की चिन्ता ना पीटने का गम, बहुत प्यार करते हैं तुमको सनम, डॉ.पारस नाथ श्रीवास्तव ने - आप सब आज यूपी. महोत्सव में बड़े प्यार से बैठे हैं, क्या पहले से अब आप सबका हाल चाल अच्छे हैं, डॉ.राधा बिष्ट ने कहा कि - ज़िन्दगी प्यार से जिया जाए, बैरभाव त्याग कर खुशी से ही जिया जाए,मोहन बिष्ट ने - चलते -चलते चले जाओ, हौसलों को बुलंद रख, अपने मुकाम को पाओ, डॉ.मधु पाठक मांझी ने - लिखती हूं कलम से कलमकार नहीं हूं,रचती तो हूं रचना पर, रचनाकार नहीं हूं, सहित अनेकों रचनाकारों द्वारा अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया` संचालन- डॉ.राधा बिष्ट एवं डॉ. पारस नाथ श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से किया।

## संक्षिप्त खबरें

### ऋषू यादव का हुआ लेखपाल पद पर चयन, बधाईयों का लगा तांता




प्रखर ब्यूरो आजमगढ़। जब कुछ कर दिखाने का जज्बा हो तो राह की हर मुश्किल आसान हो जाती है, जिले के चकलालचंद स्थानीय थाना अंतर्गत जीयनपुर क्षेत्र के चकलालचंद गावँ निवासी सुभाष यादव की होनहार पुत्री ऋषू यादव ने अपनी प्रतिभा और लगन से कर दिखाया है। ऋषु का राजस्व विभाग में लेखपाल के पद पर चयन होने से घर परिवार व पूरे क्षेत्र में खुशी का महौल छाया हुआ है। बातचीत के दौरान ऋषू यादव ने बताया कि माता-पिता, परिवार तथा गुरुजनों के आशीर्वाद से ही मुझे सफलता मिली है, वही बड़े भाई विवेक यादव , मनोज यादव छोटी बहन दिव्या यादव ने बताया कि ऋषू बचपन से ही पढ़ने में होनहार, प्रतिभावान थी। बिटिया ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में भी बहुत अच्छा अंक हासिल कर अपने विद्यालय व अपने गांव से इकलौती पहली सरकारी नौकरी पाने वाली लडकी है जिसने क्षेत्र व गांव का नाम रोशन किया है।

### कम्बल व गर्म वस्त्र का हुआ वितरण



प्रखर वाराणसी। बृहस्पति फाउंडेशन के द्वारा अमरा खैरा नट बस्ती , अवलेशपुर , वाराणसी मे ठण्ड से बचाओ के लिए कम्बल व गर्म वस्त्र का वितरण किया गया` बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी के पूर्व व बृहस्पति फाउंडेशन के अध्यक्ष अमित प्रजापति ने कहा कि हमे अपने आस -पास आर्थिक रूप से कमजोर लोगो की मदद करते रहना चाहिए` वीमेन एम्पावरमेंट हेड आशा पांडेय ने ठण्ड से बचाओ के लिए महिलाओ को जानकारी प्रदान किया` संस्थान से , शशिकांत प्रजापति ,समीर पांडेय , रोहित सोनी , रेनू पांडेय ,आंचल सिंह , प्रिया साही , श्वेता राय , डॉ अंकित सिंह , शिव यादव , संस्कृति आदि लोग मौजूद रहे।

### पूर्व विधायक गामाराम शास्त्री का निधन



प्रखर पूर्वांचल गाजीपुर। जिला के सादात विधानसभा जो इस समय सैदपुर विधानसभा क्षेत्र है सन 1991 से 1992 (18 महीना) के कार्यकाल तक रहने वाले जनता दल के पूर्व विधायक गामाराम शास्त्री जी का घर पर ही सांस थम गई। उनके आवास पर लोगों का जमावड़ा था लोगों का कहना था वह जमीनी नेता थे मौके पर नंदगंज के नायक तहसीलदार पंकज उपाध्याय पूर्व ब्लाक प्रमुख सच्चे लाल यादव जिला पंचायत सदस्य के प्रत्याशी अंजनी यादव गाजीपुर कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुनील राम चंद्रिका सिंह अंकित यादव ग्राम प्रधान क्षेत्रवासी ग्राम वासी घर पर मौजूद रहे।

### बहरियाबाद पुलिस ने धारा 307, 394, 419 मे वांछित के घर पर चिपकाई मुनादी की नोटिस

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा पुलिस अधीक्षक नगर एवं क्षेत्राधिकारी सैदपुर के कुशल मार्गदर्शन व दिशा निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक थाना बहरियाबाद के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों की गतिविधियों तथा अपराध पर अंकुश लगाने के क्रम में बुधवार को उ0नि0 श्री बाबूराम बिन्द मय पुलिस बल के मा0 न्यायालय गाजीपुर द्वारा जारी धारा 82 सीआरपीसी नोटिस सम्बन्धित एसटी 234/14 धारा 307, 394, 419 भादवि मे वांछित अभियुक्त खेदू यादव पुत्र बालजीत यादव ग्राम गुम्मा टोडरपुर थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर के घर पर नियमानुसार धारा 82 सीआरपीसी की नोटिस चस्पा कर मुनादी करायी गयी। मुनादी करने वाली टीम में उप निरीक्षक बाबूराम बिन्द थाना बहरियाबाद, कांस्टेबल विवेक कुमार पटेल, कांस्टेबल विनय कुमार थाना जंगीपुर, कांस्टेबल बबलू गौड थाना जंगीपुर गाजीपुर शामिल रहे।

### सीडीओ ने बैठक कर लोकसभा चुनाव मतदान कार्मिकों को प्रपत्र 1 फीडिंग का दिया निर्देश




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सम्पन्न कराने के लिये मतदान कार्मिकों की व्यवस्था हेतु एन0आई0सी0 पोर्टल पर निर्धारित प्रपत्र-01 फीड किये जाने हेतु मुख्य विकास अधिकारी, प्रभारी अधिकारी, मतदान कार्मिक लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 संतोष कुमार वैश्य की अध्यक्षता में समस्त जनपद स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में विकास भवन सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न की। बैठक में बताया कि अधिकारियों, कर्मचारियों का विवरण निर्धारित प्रपत्र-01 एवं 02/ 03 पर फीड अनिवार्य रूप से किया जाना है जिसमे प्रपत्र-02 पर अधिकारियों, कर्मचारियों का विवरण तथा प्रपत्र-03 पर बैंक, बीमा के अधिकारियों, कर्मचारियों का विवरण एकत्रित कर उसकी साफ्टकॉपी (एक्सल में) हिन्दी यूनीकोड में तैयार कर एन0आई0सी0 से अपने विभाग का यूजर आई.डी. व पासवर्ड प्राप्त कर सम्बन्धित वेब पोर्टल पर प्रपत्र-02 एवं 03 से सम्बन्धित सूचना फीड किया जाय। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया है कि 25 जनवरी, 2024 तक किसी भी दशा में अपना-अपना प्रपत्र फार्म भरकर पोर्टल पर फीड कर दिया जाय।

### शाहगंज के आतिशबाज समाज ने किया कम्बल वितरण

प्रखर शाहगंज ( जौनपुर)। जौनपुर इन दिनों पड़ रही भीषण ठंड से सभी लोग पूरी तरह से परेशान है । लेकिन सबसे बुरा हाल गरीबों का है। गरीबों के सुख व दुख में साथ रहने वाले शाहगंज का आतिशबाज समाज ने नगर से सटे गौशाला के समीप सड़क किनारे तिरपाल के साहरे ज़िन्दगी बिता रहे गरीब परिवारों को कम्बल वितरित किया । आतिशबाज समाज के युवा समाजसेवी मोहम्मद जाहिद ने कहा कि इस साल अन्य अन्य वर्ष की अपेक्षा कुछ ज्यादा ही सर्दी पड़ रही है। जिससे गरीबों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए हमारी समाज के सभी लोग को इनकी मदद के लिए आगे आकर इन लोगों की सेवा में लगे हुए हैं। इस मौके पर मोहम्मद शिराज,नशरुद्दीन , मोहम्मद पासा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी की मौत

**लेबनान।** लेबनान के दक्षिणी बेरूत के उपनगर में हुए एक विस्फोट में हमास के शीर्ष अधिकारी सालेह अरौरी की मौत हो गई है। इसकी पुष्टि लेबनान के हिजबुल्ला समूह के टेलीविजन स्टेशन ने की है। हमास की सैन्य शाखा के संस्थापकों में से एक सालेह अरौरी ने वेस्ट बैंक में समूह का नेतृत्व किया था। 7 अक्टूबर को हमास-इजराइल युद्ध के बाद पीएम नेतन्याहू ने अरौरी की जान लेने की धमकी दी थी।

### पाक: हमले में 4 आतंकियों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आतंकवाद से बुरी तरह जूझ रहा है। पहले आतंकियों को पाला पोसा, अब वे ही पाकिस्तान में हमले कर रहे हैं। इसी बीच पाकिस्तान में सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में आत्मघाती हमलावर समेत 4 आतंकवादी मारे जाने की खबर है। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अभियान के तहत सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ के दौरान एक आत्मघाती हमलावर समेत 4 वांछित आतंकवादियों को मार गिराया।

### पीठासीन अफसरों का सम्मेलन आज से

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा की राजधानी कंपाला में



04 से 06 जनवरी तक होने वाले राष्ट्रमंडल के अध्यक्षों एवं पीठासीन अधिकारियों के 27वें सम्मेलन को संबोधित करेंगे। हरिवंश एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ युगांडा रवाना हो गए हैं।

### गिरफ्तारी का विरोध भाजपा ने किया प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में हिंदू कार्यकर्ता की गिरफ्तारी पर बवाल मच गया है। कर्नाटक पुलिस ने



अयोध्या राम मंदिर के लिए 1992 में एक आंदोलन में कथित भागीदारी के सिलसिले में श्रीकांत पुजारी को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के खिलाफ भाजपा राज्य में विरोध प्रदर्शन किया।

### गोल्डी पर शिकंजा, लेकिन कत्ल का रहस्य अनसुलझा

**नई दिल्ली।** पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या की गुत्थी अभी



अनसुलझी ही है। इस बीच, सरकार ने इस हत्या के मास्टरमाइंड गैंगस्टर गोल्डी बरार पर शिकंजा सख्त किया है। मूसेवाला की हत्या 29 मई, 2022 को हुई थी। मौसी के घर जाने की बात कह कर निकले थे। दो लोग और थे। तीनों 'महिंद्रा थार' गाड़ी से गए थे। गार्ड भी साथ नहीं ले गए थे। मां को अनहोनी की आशंका डरा रही थी। मां चरण कौर उन्हें 'फॉरच्यूनर' गाड़ी में जाने के लिए कह रही थीं। बता दें कि मूसेवाला ने करीब 22 लाख रुपए खर्च कर इस गाड़ी को बुलेटप्रूफ बनवा रखा था।

---

*युवा पहलवान हुए एकजुट, कुश्ती को बर्बाद करने का लगाया आरोप*

# साक्षी, बजरंग और विनेश के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन

*भारतीय कुश्ती में पिछले एक साल से सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सीनियर पहलवानों के प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी। उसके बाद चुनाव हुए तो खिलाड़ियों ने नए अध्यक्ष संजय सिंह का विरोध किया। साक्षी मलिक ने संन्यास का एलान कर दिया और बजरंग पूनिया-विनेश फोगाट ने अपने पुरस्कार वापस कर दिए। खेल मंत्रालय ने फिर कुश्ती संघ को ही निलंबित कर दिया।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अब बुधवार (तीन जनवरी) को एक बार फिर पहलवान जंतर-मंतर पर पहुंचकर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन इस बार यह विरोध कुश्ती संघ या उसके अधिकारियों के खिलाफ नहीं बल्कि बजरंग, साक्षी और विनेश फोगाट के खिलाफ है। भारतीय कुश्ती में चल रहे संकट ने बुधवार को एक नया मोड़ ले लिया जब सैकड़ों जूनियर पहलवान अपने करियर के एक महत्वपूर्ण वर्ष के नुकसान के विरोध में जंतर-मंतर पर एकत्र हो गए। इस स्थिति के लिए उन्होंने शीर्ष पहलवान बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक और विनेश को दोषी ठहराया। बसों में भरकर, जूनियर पहलवान उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे, लेकिन पुलिस को इसकी भनक तक नहीं लगी।

**खास बातें**

- विवादों के साए में है सालभर से भारतीय कुश्ती
- उत्तर प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे जूनियर पहलवान




**बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ लगाए नारे**

लगभग 300 लोग छपरौली, बागपत में आर्य समाज अखाड़े से आए थे, जबकि कई अन्य नरेला में वीरेंद्र कुश्ती अकादमी से आए थे। कई लोग अभी भी बसों में भरे हुए हैं। सभी अपने सहयोगियों के साथ प्रदर्शन में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। सुरक्षाकर्मियों को उन्हें नियंत्रित करने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। वह बजरंग, साक्षी और विनेश के खिलाफ नारे लगा रहे हैं। प्रदर्शनकारियों के हाथ में बैनर थे जिन पर लिखा था, "यूडब्ल्यूडब्ल्यू हमारी कुश्ती को इन तीन पहलवानों से बचाएं।"

### शीर्ष तीन पहलवानों को मिला था भारी समर्थन

लगभग एक साल पहले जंतर-मंतर पर शीर्ष तीन पहलवान अपने उद्देश्य के लिए भारी समर्थन हासिल करने में कामयाब रहे थे। उन्होंने पूर्व डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह पर महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के बाद उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी। किसान समूहों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, राजनेताओं, महिला समूहों और कुश्ती बिरादरी के सदस्यों सहित समाज के विभिन्न वर्गों के हजारों लोग मलिक, फोगाट, पूनिया के समर्थन में सामने आए।

### पहलवानों की मांग

*इन तीनों को अब अपने समुदाय के भीतर से विरोध का सामना करना पड़ रहा है और जंतर-मंतर पर इकट्ठा हुए लोगों ने उन पर अपना करियर बर्बाद करने का आरोप लगाया है। जनवरी 2023 से राष्ट्रीय शिविर और प्रतियोगिताएं रुकी हुई हैं क्योंकि भारतीय कुश्ती संघ को दो बार निलंबित कर दिया गया है। अब एक तदर्थ पैनल खेल का संचालन कर रहा है। बुधवार को विरोध करने वालों ने मांग की कि खेल मंत्रालय द्वारा खेल को चलाने के लिए नियुक्त किए गए तदर्थ पैनल को भंग करके निलंबित भारतीय कुश्ती संघ को बहाल किया जाए।*

---

*श्रमजीवी विस्फोट : 14 लोगों की हुई थी मौत*

## आतंकियों को फांसी की सजा पांच-पांच लाख का जुर्माना



एजेंसी ▶▶ लखनऊ

श्रमजीवी एक्सप्रेस बम विस्फोट में दोषी आतंकी हेलाल और नफीकुल विश्वास को फांसी की सजा सुनाई गई है साथ ही पांच-पांच लाख रुपये अर्थदंड भी लगाया गया है। मंगलवार को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम राजेश कुमार राय के न्यायालय में सजा के निर्धारण पर सुनवाई पूरी हो गई।

बता दें कि राजगीर बिहार से चलकर नई दिल्ली जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस के जनरल बोगी में 28 जुलाई 2005 की शाम 5:20 बजे सिंगरामऊ व हरिहरपुर स्टेशन के बीच हरपालगंज क्रासिंग पर आतंकवादियों ने बम विस्फोट किया था। विस्फोट में 14 लोगों की मौत और 62 लोग घायल हुए थे। वाराणसी के जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में बुधवार को ज्ञानवापी परिसर के एएसआई सर्वेक्षण रिपोर्ट को सार्वजनिक करने संबंधी अर्जी पर सुनवाई हो रही है। इसके लिए दोपहर दो बजे के बाद का समय निर्धारित किया गया था।

### अलग-अलग अर्जी

*प्रकरण में दोनों पक्षों ने अलग-अलग अर्जी दी गई है। एएसआई ने बीते 18 दिसम्बर को दो बंद लिफाफे में जिला जज की अदालत में सर्वेक्षण रिपोर्ट सौंपी थी। रिपोर्ट सौंपने की भनक लगते ही हिन्दू पक्ष की महिलाओं की ओर से अदालत से सर्वे रिपोर्ट बिना सील लिफाफे में देने और सार्वजनिक करने की मांग की गई।*

---

*नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने जारी किए दिशा-निर्देश*

## उड़ानें रद्द होने और देरी के मामले में यात्रियों को मिलेगी 'राहत'



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विमान यात्रियों के लिए राहत भरी खबर है। दरअसल, केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने कोहरे और अन्य परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण उड़ानें रद्द होने और देरी को लेकर एयरलाइंस और ऑपरेटरों से यात्रियों के साथ न्याय करने को कहा है। बुधवार को यह सलाह विमानन मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सभी एयरलाइंस और ऑपरेटरों को अचानक उड़ान रद्द होने और अधिक देरी की स्थिति में दी है। ऐसे में रद्दीकरण के मामले में एयरलाइंस या तो वैकल्पिक उड़ान प्रदान करेगी या हवाई टिकटों की पूरी वापसी के अलावा मुआवजा भी प्रदान करेगी।

### सख्ती से होगा दिशा-निर्देशों का पालन

ऑपरेटर प्रतिनिधियों और वरिष्ठ अधिकारियों और एयरलाइंस के साथ एक बैठक में विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने खुद ऑपरेटरों से उड़ान रद्द करने या देरी और रिफंड नीतियों के मामले में नागरिक उड्डयन आवश्यकताओं (सीएआर) का सख्ती से पालन करने के लिए कह चुके हैं। इसके बाद दिसंबर में सरकार ने उड़ान रद्द होने और देरी के कारण हवाई यात्रियों को मुआवजे के लिए दिशा-निर्देश जारी किए।

---




## आग का 'पुल'

## फ्लाईओवर पर भीषण | डिवाइडर से टकराकर धधक उठा ऑयल टैंकर

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

पंजाब के लुधियाना में खन्ना इलाके के पास एक फ्लाईओवर पर बुधवार एक आइल टैंकर रोड डिवाइडर से टकराकर पलट गया। इससे फ्लाईओवर पर भीषण आग लग गई। फ्लाईओवर पर से आग की लपटें उठती हुई दिखाई दीं और आसमान में घना काला धुआं फैल गया। खन्ना के पास फ्यूल टैंकर के डिवाइडर से टकराकर पलटने से उसका आइल नेशनल हाईवे पर फैल गया और आग लग गई। इसके बाद गहरा धुंआ और और आग की लपटों का दृश्य दिखाई देने लगा। इससे हाईवे पर यातायात रुक गया और इमरजेंसी सर्विसेज को तत्काल हालात को नियंत्रित करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचना पड़ा।



---

*विदेश मंत्री आज जाएंगे काठमांडू*

## 132 केवीए की 3 ट्रांसमिशन लाइन का करेंगे शुभारंभ

- एस जयशंकर भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 4 व 5 जनवरी को नेपाल दौरे पर जाएंगे।



नेपाल के विदेश मंत्री एन.पी. सऊद के निमंत्रण पर काठमांडू का दौरा करेंगे। इस दौरान दोनों नेता भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की 7वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। इस बैठक के बाद दोनों देशों के बीच दीर्घकालिक विद्युत व्यापार समझौता किया जाएगा। भारत अगले 10 सालों में 10 हजार मेगावाट बिजली की खरीद करेगा।

- भारत अगले 10 साल में 10 हजार मेगावाट बिजली खरीदेगा

### भारत ने किया सहयोग

चार जनवरी को ही भारतीय विदेश मंत्री नवनिर्मित 132 केवीए के तीन प्रसारण लाइन का उद्घाटन करेंगे। इनमें बिहार से लगी रक्सौल-परवानीपुर, कुशहा-कटैया और उत्तर प्रदेश के नौतनवा-मैनहवां ट्रांसमिशन लाइन शामिल हैं। यह ट्रांसमिशन लाइन भारत के सहयोग से निर्मित हुआ है। इसी तरह भारत सरकार के सहयोग से काठमांडू स्थित त्रिभुवन विश्वविद्यालय में निर्मित केंद्रीय पुस्तकालय भवन का भी उद्घाटन किया जाएगा।

### पड़ोसी 'प्रथम नीति'

भारत-नेपाल संयुक्त आयोग की स्थापना 1987 में की गई थी। यह दोनों मंत्रियों को द्विपक्षीय साझेदारी के लिए एक मंच प्रदान करती है। गौरतलब हो कि 'पड़ोसी प्रथम' नीति के तहत नेपाल भारत का प्राथमिक भागीदार है। यह यात्रा दो करीबी और मैत्रीपूर्ण पड़ोसियों के बीच उच्चस्तरीय आदान-प्रदान की परंपरा के अनुरूप है।

---

*केंद्रीय मंत्री गिरिराज का असदुद्दीन पर हमला*

## ओवैसी के अंदर समाया जिन्ना का जिन्न, जबरन भड़का रहे

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा सांसद गिरिराज सिंह ने असदुद्दीन ओवैसी पर जमकर हमला बोला है। सिंह ने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा कि ओवैसी के अंदर जिन्ना का जिन्न प्रवेश कर गया है। ये भारत को तोड़ना चाहते हैं। वह युवाओं को भड़का रहे हैं। पूरे देश में भगवान राम का ही डीएनए है। हिंदू-मुसलमान एक ही है। हम सब प्रभु श्रीराम के संतान हैं। हजारों साल सनातन हिंदू धर्म को सताया गया। कभी बाबर तो कभी गजनी तो कभी मुगल आक्रांताओं। सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला करते कहा, लालू यादव का ये मकड़जाल है वह नीतीश को मकर जाल में फंसाकर रखना चाहते हैं।



### यह सनातन हिंदू पुनर्जागरण का समय

सिंह ने कहा कि 22 जनवरी का समय अब सनातन हिंदू पुनर्जागरण का है। जागो और हर घर में दीपक जलाओ। यह संकल्प लो कि फिर से कोई बाबर और गजनी नजर उठाकर न देखे।

---

*सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई की वकील से तीखी बहस, हिदायत दी*

# अपनी आवाज नीची करो, नहीं तो बाहर करवा दूंगा

एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन आवाज काफी तेज और तल्ख थी। सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट में जज और वकील के बीच में तीखी बहस होना नई बात नहीं है। कई अवसरों पर कई मुद्दों पर ऐसा हो चुका है। लेकिन कोई जज अपना आपा खो दे, सीधे बाहर भेजने की धमकी दे दे, ऐसा कम ही बार होता दिखता है। अब जो कम बार होता है, वो सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कर दिया है। उनकी तरफ से एक वकील को दो टूक कह दिया गया कि अपनी आवाज नीचे करो, नहीं तो बाहर निकलवा दूंगा।

**ये भी बोले- आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी होगी**

### ये 23 साल में आज तक कभी नहीं हुआ




सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई चल रही थी। वकील याचिका को पेश कर रहे थे, लेकिन उनकी आवाज काफी तेज और तल्ख थी। इसी वजह से सुनवाई के बीच में ही सीजेआई चंद्रचूड़ को पहले कहना पड़ गया कि आप अपनी आवाज कम कीजिए। अगर आपको लगता है कि अपनी आवाज ऊंची कर आप हमें मना लेंगे तो ये आपकी गलतफहमी है। ये 23 सालों में आज तक कभी नहीं हुआ है। मेरे कॅरियर के आखिरी साल में भी ऐसा नहीं होने वाला है।

### विकास सिंह चुप रहिए, बाहर जाइए

इसी तरह पिछले साल मार्च में भी एक ऐसा मौका आया था जब चंद्रचूड़ ने चिल्ला दिया था। उन्होंने एडवोकेट विकास सिंह को चुप रहने के लिए कह दिया था और तुरंत कोर्ट से जाने के आदेश दिए थे। ऐसे में ये कोई पहली बार नहीं है जब चंद्रचूड़ ने इस तरह से तल्ख अंदाज में जवाब दिया हो।

### इसके पहले फोन जब्त कर लिया था...

सीजेआई की इस तल्ख टिप्पणी से वकील भी हैरान रह गए। उन्होंने उम्मीद नहीं की थी कि उन्हें इस



तरह से फटकार पड़ जाएगी। लेकिन क्योंकि सुनवाई को जारी रखना था, ऐसे में वकील ने न सिर्फ अपनी आवाज धीमी की, बल्कि उनकी तरफ से माफी भी मांग ली गई। इससे पहले भी सीजेआई की नाराजगी दिख चुकी है। एक बार सुनवाई के दौरान कोई वकील अपने फोन का इस्तेमाल कर रहा था, उन्होंने दो टूक कहा था कि ये क्या कोई मार्केट है, इनका फोन जब्त कर लिया जाए।

**खबर संक्षेप**

### सिएट को जीएसटी मांग को लेकर नोटिस




**नई दिल्ली।** टायर बनाने वाली सिएट लि. को महाराष्ट्र और गुजरात के वडोदरा में कर अधिकारियों से जीएसटी और जुर्माने की मांग को लेकर 19 करोड़ रुपये का नोटिस मिला है। वडोदरा के अतिरिक्त आयुक्त ने 3.27 करोड़ रुपये के ब्याज और 13.68 करोड़ रुपये के जुर्माने के साथ आदेश जारी किया है।

### एयर कंडीशनर गुणवत्ता आदेश में मिली ढील



**नई दिल्ली।** सरकार ने कारोबारी सुगमता को बढ़ावा देने के इरादे से एयर कंडीशनर (एसी) उद्योग के लिए गुणवत्ता नियंत्रण आदेश (क्यूसीओ) से जुड़े मानकों में ढील दी है। एयर कंडीशनरों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने 2019 में क्यूसीओ आदेश जारी किया था और यह पिछले साल अक्टूबर से लागू हुआ है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण घटाया




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने आवास ऋण पर ब्याज 0.15 प्रतिशत घटाकर 8.35 प्रतिशत कर दिया है। ग्राहकों को नये साल की पेशकश के तहत ब्याज में कमी की गई है। आवास ऋण के लिए प्रसंस्करण शुल्क में भी कटौती की गई है। सभी ग्राहकों को बेहतर वित्तपोषण समाधान प्रदान करने और उनकी जरूरतों को पूरा करने में मदद करने की बैंक की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

### रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ 83.28 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और विदेशी कोषों के प्रवाह से रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे की मजबूती के साथ 83.28 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजार में नकारात्मक रुख के बीच भारतीय मुद्रा दबाव में रही। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.30 प्रति डॉलर पर खुला।

### वोडाफोन आइडिया के बालाजी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दूरसंचार कंपनी वोडाफोन आइडिया के मुख्य



नियामकीय एवं कॉरपोरेट मामलों के अधिकारी पी बालाजी ने इस्तीफा दे दिया है। बीएसई को बुधवार को भेजी सूचना में वोडाफोन आइडिया ने कहा कि बालाजी 10 जनवरी, 2024 से कंपनी के वरिष्ठ प्रबंधन कर्मी के पद पर नहीं रहेंगे। कंपनी ने यह नियामकीय सूचना के साथ यह पत्र साझा किया है।

### मोटोरोला ने नरसिम्हन को बनाया प्रबंध निदेशक

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने टी एम नरसिम्हन को भारत में अपने



मोबाइल कारोबार समूह का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है। कंपनी ने बुधवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि नरसिम्हन मोटोरोला के भारतीय कारोबार की देखरेख करेंगे। बयान में कहा गया है, 'भारतीय स्मार्टफोन बाजार पर ध्यान केंद्रित करने और शीर्ष तीन स्मार्टफोन ब्रांड में शामिल होने के लक्ष्य के तहत कंपनी ने भारत में अपनी नेतृत्व करने वाली टीम को मजबूत किया है। इसी के तहत नरसिम्हन को भारतीय कारोबार का प्रमुख नियुक्त किया गया है।'

# ट्रक चालक काम पर लौटे, एक-दो दिन में हालात हो जाएंगे सामान्य

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

'हिट एंड रन' के नए और सख्त कानून के खिलाफ हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया है और एक-दो दिन में हालात सामान्य हो जाएंगे। ट्रक चालक संघ अखिल भारतीय मोटर परिवहन कांग्रेस ने बुधवार को यह जानकारी दी।


एआईएमटीसी ने मंगलवार को सरकार के इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी ट्रक चालकों से अपनी हड़ताल खत्म करने की अपील की कि भारतीय न्याय संहिता के तहत 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए जेल और जुर्माने के सख्त प्रावधानों को लागू करने का निर्णय संघ के साथ परामर्श के बाद लिया जाएगा। 'हिट-एंड-रन' मामलों के लिए कड़े प्रावधानों का मुद्दा उठाने के लिए एआईएमटीसी के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव अजय भल्ला से मुलाकात की थी।

एआईएमटीसी के महासचिव एन के गुप्ता ने कहा, "हमने हड़ताल का कोई आह्वान नहीं किया था... हड़ताली चालक काम पर वापस आ रहे हैं और एक या दो दिन में सामान्य परिचालन बहाल हो जाएगा।" उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर ट्रक चालकों की हड़ताल नए कानूनों पर एक सहज प्रतिक्रिया थी और "चालकों को अब चिंता करने की जरूरत नहीं है और उन्हें काम में शामिल होना चाहिए और अर्थव्यवस्था की वृद्धि में योगदान देना चाहिए।"

**हड़ताल पर गए ट्रक चालकों ने काम पर लौटना शुरू कर दिया**

**'कड़े दंड' प्रावधानों का विरोध**

कुछ ट्रक, बस और टैंकर संचालकों ने 'कड़े दंड' प्रावधानों के विरोध में कई राज्यों में सोमवार को तीन दिन की हड़ताल शुरू की थी। भारतीय दंड संहिता की जगह लेने जा रही भारतीय न्याय संहिता के तहत लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण गंभीर सड़क दुर्घटनाएं करने वाले और अधिकारियों को सूचित किए बिना भागने वाले ड्राइवरों को 10 साल तक की जेल या सात लाख रुपये का जुर्माना हो सकता है। ब्रिटिशकालीन भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) में ऐसे मामलों में सजा का प्रावधान दो साल था।



## निफ्टी भी 148.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत फिसला


# शेयर बाजार में लगातार दूसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 536 अंक और टूटा

- अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले बाजार में सुस्ती रही
- धातु और जिंस शेयरों में भी गिरावट रही

एजेंसी ▸▸ मुंबई

शेयर बाजार में बुधवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 536 अंक और लुढ़क गया। वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख के बीच मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और आईटी शेयरों में बिकवाली से बाजार में गिरावट आई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 535.88 अंक यानी 0.75 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,356.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 588.51 अंक तक लुढ़क गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 148.45 अंक यानी 0.69 प्रतिशत फिसलकर 21,517.35 अंक पर रहा।

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच आईटी तथा बैंक शेयरों में लगातार गिरावट से प्रमुख सूचकांक दिन के निचले स्तर के करीब बंद हुए। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले बाजार में सुस्ती रही। धातु और जिंस शेयरों में भी गिरावट रही। हालांकि, ताजा लिवाली से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, रियल्टी और दवा कंपनियों के शेयरों में तेजी रही।



**1,602.16 करोड़ के शेयर खरीदे**

इस बीच, वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 75.47 डॉलर प्रति बैरल रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,602.16 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे थे। सेंसेक्स मंगलवार को 379.46 अंक और निफ्टी 76.10 अंक के नुकसान में रहा था।

**इन कंपनियों में नुकसान**

सेंसेक्स की कंपनियों में जेएसडब्ल्यू स्टील, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एचडीएफसी बैंक और मारुति प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ इंडसइंड बैंक, आईटीसी, भारती एयरटेल और भारतीय स्टेट बैंक प्रमुख रूप से लाभ में रहे।


**शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंता**

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'नए संकेतकों के अभाव और शेयरों के मूल्यांकन को लेकर चिंता से निवेशक बाजार से दूर रहे। चीन और यूरो क्षेत्र में विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट के साथ वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेतकों से 2024 में वैश्विक आर्थिक पुनरुद्धार को लेकर चिंता बढ़ी है। सबसे महत्वपूर्ण, बाजार को नीतिगत दर के बारे में संकेत को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक के बैठक के ब्योरे की प्रतीक्षा है।

**विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटी**

महंगाई कम रहने के बावजूद कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में धीमी बढ़ोतरी की वजह से दिसंबर में देश के विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि घटकर डेढ़ साल के निचले स्तर 54.9 पर आ गयी। नवंबर में यह 56 थी। बुधवार को जारी एक मासिक सर्वेक्षण से यह जानकारी मिली है। एचएसबीसी इंडिया के विनिर्माण पीएमआई सर्वेक्षण से पता चलता है कि कारखाना ऑर्डर और उत्पादन में नरम वृद्धि हुई। हालांकि, आगामी वर्ष के लिए कारोबारी भरोसा मजबूत हुआ है।

**आर्थिक वृद्धि मजबूत बनी रहेगी: फिच**




एशिया-प्रशांत क्षेत्र में आर्थिक वृद्धि वर्ष 2024 में मजबूत बनी रहेगी और भारत समेत कई उभरते बाजारों में सकल घरेलू उत्पाद में लगभग पांच प्रतिशत बढ़ोतरी की उम्मीद है। फिच रेटिंग्स ने बुधवार को यह अनुमान जताया। रेटिंग एजेंसी ने 'एपीएसी क्रॉस-सेक्टर आउटलुक 2024' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत और इंडोनेशिया समेत समग्र एशिया-प्रशांत के उभरते बाजारों में बैंक क्षेत्रों के लिए परिदृश्य वर्ष 2024 में सुधार की तरफ अग्रसर है।

**एशियाई बाजारों में गिरावट**

अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाला बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.30 प्रतिशत और मिडकैप 0.20 प्रतिशत मजबूत हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट लाभ में रहा। यूरोप के बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

# ओएनजीसी को तेल-गैस के सात ब्लॉक, रिलायंस को एक मिला

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



- तेल और गैस की खोज एवं उत्पादन के लिए 10 ब्लॉक की पेशकश की गई थी

सार्वजनिक क्षेत्र की ओएनजीसी को तेल एवं गैस की खोज के लिए आयोजित नवीनतम बोली दौर में सात ब्लॉक मिले हैं जबकि रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी पीएलसी के गठजोड़ के हिस्से में एक ब्लॉक आया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि मुक्त क्षेत्र लाइसेंस नीति के आठवें दौर में तेल और गैस की खोज एवं उत्पादन के लिए 10 ब्लॉक की पेशकश की गई थी। उन्होंने कहा कि बोली में रखे गए सभी 10 ब्लॉक के अनुबंध पर बुधवार सुबह हस्ताक्षर किए गए।

इन ब्लॉक में से ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन को सात जबकि रिलायंस-बीपी गठजोड़, ऑयल इंडिया लिमिटेड और सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को एक-एक ब्लॉक मिला है। इसके साथ कोल-बेड मीथेन (सीबीएम) के तीन ब्लॉक भी आवंटित किए गए और ओएएलपी का नौवां दौर बोली के लिए खोल दिया गया। एक आधिकारिक वक्तव्य में कहा गया कि प्रतिबद्ध अन्वेषण कार्य कार्यक्रम के लिए दिए गए ब्लॉकों में 23.3 करोड़ डॉलर का निवेश होने का अनुमान है।

**10 ब्लॉक की पेशकश**

भारत ने ओएएलपी के आठवें दौर में बोली लगाने के लिए जुलाई, 2022 में 10 ब्लॉक की पेशकश की थी। बोली की समय सीमा कुछ बार बढ़ाए जाने के बाद यह दौर जुलाई, 2023 में बंद हो गया था। हाइड्रोकार्बन महानिदेशालय (डीजीएच) के मुताबिक, इन ब्लॉक के लिए पांच कंपनियों- ओएनजीसी, वेदांता लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड (ओआईएल), सन पेट्रोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड और रिलायंस-बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड ने मिलकर 13 बोलियां लगाई थीं। प्रस्तावित 10 ब्लॉक में से सात को एकल बोलियां मिली थीं जबकि अन्य तीन ब्लॉक के लिए दो-दो बोलियां आई थीं। एक्सॉनमोबिल, शेवरॉन और टोटलएनर्जीज जैसे वैश्विक ऊर्जा दिग्गजों ने ने कोई बोली नहीं लगाई।

# वैश्विक तेल बाजार में बेहद अशांत स्थिति, स्थिर होने पर होगी कटौती

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में आई नरमी के बीच पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कटौती की संभावना पर बुधवार को कहा कि वैश्विक बाजार इस समय 'बेहद अशांत' है और किसी भी कटौती से पहले इसे स्थिर होना होगा। सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों तेल विपणन कंपनियों ने पिछले 21



- पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया

महीनों से पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड का लगभग 90 प्रतिशत घरेलू पेट्रोलियम बाजार पर नियंत्रण है। पुरी ने यहां खुदरा कीमतों में कटौती को लेकर तेल कंपनियों के साथ किसी तरह की बातचीत के बारे में पूछे जाने पर संवाददाताओं से कहा, ऐसे किसी भी मुद्दे पर तेल विपणन कंपनियों के साथ कोई चर्चा नहीं हुई है।

## अमेरिका का कर्ज 34,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर



**वॉशिंगटन।** अमेरिका में संघीय सरकार का कुल राष्ट्रीय कर्ज 34,000 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया है। कर्ज के इस स्तर से पता चलता है कि आने वाले वर्षों में सरकार को देश के बही-खाते को सुधारने के लिए राजनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर कई चुनौतियों से जूझना पड़ेगा। अमेरिकी वित्त विभाग ने मंगलवार को देश की वित्तीय स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी की है। यह राजनीतिक रूप से बंटे देश के लिए तनाव पैदा करने वाली है। रिपोर्ट के अनुसार, बिना वार्षिक बजट के सरकार के कामकाज के कुछ हिस्सा ठप हो सकता है। रिपब्लिकन सांसदों और व्हाइट हाउस ने पिछले साल जून में देश की ऋण सीमा को अस्थायी रूप से हटाने पर सहमति व्यक्त की थी, जिससे ऐतिहासिक चूक या 'डिफॉल्ट' का जोखिम टल गया था। यह समझौता जनवरी, 2025 तक चलेगा। अमेरिका का राष्ट्रीय कर्ज कहीं अधिक तेजी से बढ़ा है। कांग्रेस के बजट कार्यालय ने जनवरी, 2020 में वित्त वर्ष 2028-29 में सकल संघीय ऋण 34,000 अरब डॉलर पर पहुंचने का अनुमान लगाया था।

## एसबीआई ने विदेशों से एक अरब डॉलर जुटाए




**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक ने बुधवार को कहा कि उसने घरेलू ईएसजी वित्तपोषण बाजार के लिए एक अरब डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपए) का कोष जुटाया है। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि बैंक ने सिंडिकेटेड सामाजिक कर्ज के जरिये एक अरब डॉलर (75 करोड़ डॉलर और 25 करोड़ डॉलर का ग्रीन शू विकल्प) जुटाने का काम पूरा कर लिया है। बैंक ने कहा कि यह लोन बुक दो जनवरी, 2024 को बंद कर दी गई।

**बिजनेस साइट**

## जीके जेसीबी ने मनाया हाईएस्ट मशीन सेल का उत्सव



**रायपुर।** देश का नंबर वन कंस्ट्रक्शन इक्विपमेंट निर्माता कंपनी जेसीबी के साउथ छत्तीसगढ़ एवं विदर्भ के अधिकृत डीलर जीके जेसीबी ने 2023 में अपना सर्वोच्च 1592 जेसीबी मशीने बेचने का नया कीर्तिमान स्थापित किया। इस खास अवसर को जीके जेसीबी के डायरेक्टर अमर पारवानी एवं पुनीत पारवानी के गरिमामयी उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जेसीबी कंपनी के एरिया मैनेजर अभिषेक तिवारी, शिवदत्त तिवारी एवं दलजीत सिंह भी इस मौके पर उपस्थित थे। जीके जेसीबी के डायरेक्टर अमर पारवानी एवं पुनीत पारवानी ने सभी कर्मचारी के कार्यों को सराहा एवं सम्मानीय ग्राहकों का अभिवादन करते हुए कहा की ग्राहकों के सहयोग के बिना इस लक्ष्य को हासिल करना संभव नहीं था।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद उछले अदाणी ग्रुप के स्टॉक

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली




बुधवार को अदाणी ग्रुप के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। दरअसल, आज सुप्रीम कोर्ट ने अदाणी ग्रुप को लेकर अपना फैसला सुनाया है। इस फैसले के बाद अदाणी ग्रुप के सभी कंपनी के शेयरों में तेजी देखने को मिली है। आज अदाणी ग्रुप में लिस्टेड कंपनी के स्टॉक 2.2 फीसदी से 10 फीसदी तक चढ़ गए हैं। जनवरी 2023 को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट जारी हुई थी। इस रिपोर्ट के बाद कंपनी के शेयर में भारी गिरावट देखने को मिली है। खबर लिखते वक्त अदाणी ग्रुप के सभी शेयर इतने अंक चढ़ गए थे।

- लिस्टेड कंपनी के स्टॉक 2.2 फीसदी से 10 फीसदी तक चढ़े

**सुप्रीम कोर्ट का फैसला**

सुप्रीम कोर्ट ने भारतीय कॉर्पोरेट दिग्गज द्वारा स्टॉक मूल्य में हेरफेर के आरोपों पर अदाणी-हिंडनबर्ग विवाद पर याचिकाओं के एक बैच पर अपना फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अदाणी ग्रुप के खिलाफ आरोपों की एसआईटी या अन्य जांच एजेंसी द्वारा जांच का आदेश देने का कोई आधार नहीं है। इसके अलावा कोर्ट ने सेबी को आदेश दिया कि वह तीन महीने के भीतर अपनी जांच पूरी करें। अदाणी ग्रुप की जांच मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली समिति ने की। उन्होंने कहा कि सेबी ने अदाणी ग्रुप के खिलाफ आरोपों से संबंधित 24 में से 22 मामलों में अपनी जांच पूरी कर ली है।

**बढ़े अदाणी ग्रुप के स्टॉक**

| कंपनी/शेयर | शेयर प्राइस (रुपए में) | इतने चढ़े |
|---|---|---|
| अदाणी एंटरप्राइजेज | 3,002.30 | 2.38% |
| अदाणी ग्रीन | 1,662.00 | 3.65% |
| अदाणी पोर्ट्स | 1092.80 | 1.34% |
| अदाणी पावर | 538.95 | 3.92% |
| अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस | 1,158.15 | 9.01% |
| अदाणी विल्मर | 381.40 | 4.04% |
| अदाणी टोटल गैस | 1,073.10 | 7.21% |
| एसीसी | 2,285.55 | 0.80% |
| अंबुजा सीमेंट | 536.00 | 1.11% |
| एनडीटीवी | 285.60 | 4.70% |

# सोने में 230 रु. की गिरावट चांदी 400 रु. फिसली

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेशी बाजारों में नरम रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में बुधवार को सोना 230 रुपए की गिरावट के साथ 63,970 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने यह जानकारी दी। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 64,200 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।

- सोना 63,970 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गया

चांदी की कीमत भी 400 रुपए की गिरावट के साथ 78,400 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 78,800 रुपए प्रति किलो पर थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोना गिरावट के साथ 2,059 डॉलर प्रति औंस और चांदी गिरावट के साथ 23.60 डॉलर प्रति औंस रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ शोध विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'डॉलर सूचकांक में आई मजबूती और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में तेज बढ़ोतरी के बाद सोने की कीमतों पर दबाव आया।' जिंस बाजार में सोना हाजिर 2,059 डॉलर प्रति औंस पर रहा। यह वैश्विक बाजारों में पिछले बंद भाव से 14 डॉलर कम है।





## नाइट फ्रैंक इंडिया ने जारी की रिपोर्ट


# 50 लाख रुपए तक के घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

देश के आठ प्रमुख शहरों में पिछले साल 50 लाख रुपये कीमत तक के घरों की बिक्री 16 प्रतिशत घटकर 98,000 इकाई रह गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की बुधवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि संपत्ति की कीमतों में उछाल और आवास ऋण पर ऊंचे ब्याज की वजह से घरों की बिक्री में गिरावट आई है।

इसके बावजूद शीर्ष आठ शहरों...दिल्ली-एनसीआर, मुंबई महानगर क्षेत्र, चेन्नई, कोलकाता, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद में बीते साल सभी मूल्य वर्ग में घरों की बिक्री पांच प्रतिशत बढ़कर 3,29,907 इकाई पर पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि 50 लाख रुपये तक कीमत के घरों की आपूर्ति में पिछले साल सालाना आधार पर करीब 20 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे सस्ती आवासीय इकाइयों की बिक्री घट गई। मध्यम आय वर्ग और लक्जरी आवास खंड में ऊंची मांग की वजह से घरों की कुल बिक्री 10 साल के उच्चस्तर पर पहुंच गई। रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया एक वेबिनार में यह रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया है कि 50 लाख रुपए और उससे कम कीमत वाली आवासीय संपत्तियों की बिक्री 2022 के 1,17,131 इकाई के आंकड़े से घटकर 2023 में 97,983 इकाई रह गई। इससे कुल आवास बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 37 प्रतिशत से घटकर 30 प्रतिशत रह गई है।





**एक करोड़ रुपए के घरों की बिक्री बढ़ी**

एक करोड़ रुपए से अधिक कीमत वाले घरों की हिस्सेदारी 2022 के 27 प्रतिशत से बढ़कर 2023 में 34 प्रतिशत हो गई। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा, 'अधिक महंगी संपत्तियों की ओर बदलाव की वजह से आवास बाजार ने 2023 में भी अच्छी तेजी हासिल की।' उन्होंने कहा कि देश की मजबूत आर्थिक बुनियाद की वजह से खरीदारों का दीर्घावधि का निवेश करने का भरोसा बढ़ा है। वर्ष 2018 में कुल आवासीय बिक्री में किफायती घरों की हिस्सेदारी 54 प्रतिशत थी।

## खबर संक्षेप



### संजय सिंह के बिना कुश्ती संघ स्वीकार्य

**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने बुधवार को कहा कि नए भारतीय कुश्ती महासंघ से उन्हें कोई ऐतराज नहीं जय सिंह के रहने से परेशानी है। संजय के बिना नए महासंघ से या तदर्थ समिति से भी हमें कोई मसला नहीं है।'

### भारतीय टीम के खिलाफ खेलना खास अनुभव

**केपटाउन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शुरूआती कदम रख रहे दक्षिण अफ्रीका के युवा बल्लेबाज टोनी डिजोर्जी ने कहा कि भारत के खिलाफ खेलना उनके लिये खाय अनुभव है क्योंकि जिन खिलाड़ियों को वह टीवी पर देखा करते थे, अब उनके खिलाफ खेल रहे हैं। अब तक सिर्फ तीन टेस्ट और पांच वनडे खेल चुके डिजोर्जी ने इंटरव्यू में कहा, 'यह मेरे लिए खास अनुभव रहा है। कॅरियर की शुरुआत में भारत के खिलाफ अच्छा खेलना और उन खिलाड़ियों के खिलाफ खेलना जिन्हें अब तक टीवी पर ही देखा है। यह शानदार अनुभव है।'

### ब्रिसबेन : दूसरे दौर में हारी ओसाका

**ब्रिसबेन।** मां बनने के बाद पहला टूर्नामेंट खेल रही नाओमी ओसाका ब्रिसबेन इंटरनेशनल के दूसरे दौर में तीन बार की चैंपियन कैरोलिना प्लिसकोवा से 3-6, 7-6, 6-4 से हार गई।



दो बार अमेरिकी ओपन और आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीतने वाली ओसाका ने पहले मैच में तमारा कोर्पेश को सीधे सेटों में हराया था। यह मई 2022 के बाद एलीट स्तर पर उसका पहला मैच था। अन्य मैचों में शीर्ष वरीयता प्राप्त गत आस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन एरिना सबालेंका ने इटली की लूसिया ब्रोंजेटी को 6-3, 6-0 से मात दी।

### अमांडा की आठ महीने बाद सफल वापसी

**आकलैंड।** अमेरिका की पूर्व युवा स्टार अमांडा अनिसिमोवा ने आठ महीने के ब्रेक के बाद वापसी करते हुए आकलैंड टेनिस क्लासिक के दूसरे दौर में मारी बूजकोवा को 6-0, 6-1 से हराया। मानसिक स्वास्थ्य कारणों और थकान की वजह से टेनिस से ब्रेक लेने के बाद अमांडा ने वापसी की है। अमेरिकी ओपन जूनियर चैंपियन रह चुकी अमांडा फ्रेंच ओपन 2019 सेमीफाइनल खेल चुकी हैं। इससे पहले अमेरिका की चौथी वरीयता प्राप्त एम्मा नवारो ने एलिना अवानेसियान को 6-1, 6-2 से हराया।




**टेस्ट : भारत के अंतिम छह खिलाड़ी जीरो पर आउट, पहले दिन गिरे 23 विकेट**

# सिराज के तूफान से अफ्रीकी टीम का सबसे छोटा स्कोर, भारत भी 153 पर सिमटा

एजेंसी ⏭ केपटाउन

मोहम्मद सिराज ने लगातार नौ ओवर के अपने पहले स्पैल में 15 रन देकर छह विकेट झटककर कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे भारत ने बुधवार को यहां दूसरे और आखिरी टेस्ट के शुरुआती दिन दक्षिण अफ्रीका को पहली पारी में 55 रन पर समेट दिया। दिन के अंतिम सत्र में भारत ने 11 गेंद में अंतिम छह विकेट गंवा दिए। दक्षिण अफ्रीका का यह 1991 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम स्कोर है। फिर भारत ने चार विकेट पर 153 रन बनाकर 98 रन की बढ़त हासिल की। भारत के छह बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके और जो खिलाड़ी नाबाद रहा, उसका भी खाता नहीं खुला। लुंगी एनगिडी (तीन विकेट) और कागिसो रबाडा (तीन विकेट) ने अंत के छह में से पांच विकेट झटके। इससे उन्होंने बढ़त 100 से कम रहने दी और मनोवैज्ञानिक बढ़त हासिल की क्योंकि शुरुआती दिन इस पिच पर 23 विकेट गिरे। दक्षिण अफ्रीका ने दूसरी पारी में आक्रामकता के साथ अधिक सतर्कता भी दिखाई जिससे उसने स्टंप तक तीन विकेट गंवाकर 62 रन बना लिए और अभी वह 36 रन से पीछे है। ऐडन मार्कराम 32 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। टेस्ट में पहले दिन सबसे ज्यादा 25 विकेट गिरने का रिकॉर्ड 1902 में एशेज टेस्ट का है।



### कोहली ने बनाए 46 रन

रोहित शर्मा (39 रन) ने इन खतरनाक गेंदों से बचते हुए सात चौके जड़े। विराट कोहली (46 रन) और शुभमन गिल (36 रन) ने कुछ अच्छी बाउंड्री लगाई। लेकिन प्रतिभाशाली यशस्वी जायसवाल (शून्य) और श्रेयस अय्यर (शून्य) की तकनीकी खामियां फिर उजागर हुईं और वे स्कोर में कोई योगदान नहीं कर सके।

### मनिंदर के क्लब में सिराज

सिराज से पहले देश के 92 वर्ष के टेस्ट इतिहास में लंच से पहले इस तरह का शानदार प्रदर्शन बाएं हाथ के स्पिनर मनिंदर सिंह के नाम है जिन्होंने 1986-87 में बेंगलुरु में पाकिस्तान के खिलाफ लंच से पहले पांच विकेट झटकने की उपलब्धि हासिल की थी।

### सिराज की तेजी, स्विंग और सीम का जवाब नहीं

बुधवार को उमस भरी सुबह दक्षिण अफ्रीका बल्लेबाजों को सिराज की तेजी, स्विंग और सीम मूवमेंट का सामना करने में काफी परेशानी हुई जिससे पूरी टीम पहली पारी में महज 23.2 ओवर में पवेलियन पहुंच गई। केवल डेविड बेडिघंम (12 रन) और काइल वेरेयने (15 रन) ही दो बल्लेबाज रहे जो दोहरे अंक तक पहुंच सके जिससे स्टैंड में मौजूद दक्षिण अफ्रीकी दर्शक मायूस हो गए। सिराज ने नौ ओवर में तीन मेडन से 15 रन देकर छह विकेट झटके। जसप्रीत बुमराह (दो विकेट) ने भी दूसरे छोर से दबाव बनाए रखा। मुकेश कुमार (दो विकेट) ने पुछल्ले बल्लेबाजों को समेटा।

### गेंद में तेज उछाल से गिरे विकेट

न्यूलैंड्स की पिच पर इतना तेज उछाल था जो निश्चित रूप से आईसीसी मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड की निशाने पर आएगा। लाल कूकाबुरा गेंद 'जंबो जेट' की तरह उड़ान भरती दिखी जिससे बल्लेबाजों के लिए क्रीज पर टिकना असंभव हो गया। दिन के अंत में उछाल इतना ज्यादा बदल रहा था कि बल्लेबाजों को कंधे से लेकर पेट तक गेंद लगी।

### स्कोर बोर्ड

| दक्षिण अफ्रीका | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| एडेन का जायसवाल बो सिराज | 02 | 10 | 0 | 0 |
| डीन एल्गर बो मोहम्मद सिराज | 04 | 15 | 0 | 0 |
| डिजोर्जी का राहुल बो सिराज | 02 | 17 | 0 | 0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का शर्मा बो बुमराह | 03 | 11 | 0 | 0 |
| बेडिंघम का जायसवाल बो सिराज | 12 | 17 | 2 | 0 |
| वेरेयने का गिल बो सिराज | 15 | 30 | 1 | 0 |
| यानसेन का राहुल बो सिराज | 00 | 03 | 0 | 0 |
| महाराज का बुमराह बो मुकेश | 03 | 13 | 0 | 0 |
| रबाडा का अय्यर बो मुकेश | 05 | 13 | 0 | 0 |
| बर्गर का जायसवाल बो बुमराह | 04 | 11 | 0 | 0 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 23.2 ओवर में 55/10
गेंदबाजी : बुमराह 8-1-25-2, सिराज 9-3-15-6, कृष्णा 4-1-10-0, मुकेश 2.2-2-0-2.

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल बो रबाडा | 00 | 07 | 0 | 0 |
| रोहित शर्मा का यानसेन बो बर्गर | 39 | 50 | 7 | 0 |
| शुभमन का यानसेन बो बर्गर | 36 | 55 | 5 | 0 |
| कोहली का मार्कराम बो रबाडा | 46 | 59 | 6 | 1 |
| श्रेयस अय्यर का वेरेयने बो बर्गर | 00 | 02 | 0 | 0 |
| राहुल का वेरेयने बो एनगिडी | 08 | 33 | 1 | 0 |
| जडेजा का यानसेन बो एनगिडी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| बुमराह का यानसेन बो एनगिडी | 00 | 02 | 0 | 0 |
| मोहम्मद सिराज रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| कृष्णा का मार्कराम बो रबाडा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| मुकेश कुमार नाबाद | 00 | 00 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 24, कुल : 34.5 ओवर में 153/10
गेंदबाजी : रबाडा 11.5-2-38-3, एनगिडी 6-1-30-3, बर्गर 8-2-42-3, यानसेन 9-2-29-0.

## अंडर-15 और अंडर-20 चैंपियनशिप की घोषणा



एजेंसी ⏭ दुबई

भारत में कुश्ती का संचालन कर रहे तदर्थ पैनल ने बुधवार को अगले छह सप्ताह के अंदर अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की घोषणा की। इससे पहले जूनियर पहलवानों ने जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया और भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा गठित पैनल को भंग करने की मांग की।

पैनल ने युवा पहलवानों की चिंता को समझा, जिनका करियर पिछले एक साल से शीर्ष पहलवानों के विरोध के कारण अधर में लटका हुआ है। जनवरी 2023 के बाद राष्ट्रीय शिविर या जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन नहीं किया गया है। तीन सदस्यीय पैनल के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा ने जूनियर पहलवानों को आश्वासन दिया कि सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप जल्द ही ग्वालियर में आयोजित की जाएगी। बाजवा ने बयान में कहा, 'पैनल युवा पहलवानों की चिताओं को समझता है और उनका समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समिति अगले छह सप्ताह के अंदर ग्वालियर में अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की योजना बना रही है।'

## कमजोर टेस्ट टीम चयन का सीएसए ने किया बचाव

एजेंसी ⏭ जोहानिसबर्ग

न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिये कमजोर टीम चुनने पर मौजूदा और पूर्व खिलाड़ियों से आलोचना झेल रहे क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने अपना बचाव करते हुए कहा है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और घरेलू टी20 लीग दोनों को लेकर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।



दक्षिण अफ्रीका ने न्यूजीलैंड के टेस्ट दौरे के लिए सात नए चेहरों को चुना है जिसमें कप्तान भी नया है। दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष क्रिकेटर उस समय दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग खेलेंगे जो पिछले साल सीएसए और आईपीएल निवेशकों ने शुरू की है। सीएसए ने कहा, 'क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका न्यूजीलैंड दौरे के लिए टेस्ट टीम को लेकर चिंताओं से वाकिफ है। हम प्रशंसकों को आश्वासन देते हैं कि हम टेस्ट क्रिकेट को लेकर प्रतिबद्ध हैं। इसके साथ ही हम एसए 20 लीग को भी मजबूत करना चाहते हैं।'

## कमिंस ने चटकाए पांच विकेट पाकिस्तान ने बनाए 313 रन

एजेंसी ⏭ सिडनी

- पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार चटकाए पारी के पांच विकेट

आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने लगातार तीसरी बार पारी के पांच विकेट लेकर पाकिस्तान के शीर्षक्रम को झकझोर दिया लेकिन निचले क्रम के बल्लेबाजों के जुझारू प्रदर्शन के दम पर मेहमान टीम ने तीसरे और आखिरी क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन 313 रन बनाए। लंच के बाद पाकिस्तान का स्कोर पांच विकेट पर 96 रन था और लग रहा था कि टीम सस्ते में सिमट जाएगी। इससे पहले पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया था। विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान के 88 रन, आगा सलमान और आमिर जमाल के अर्धशतकों की मदद से पाकिस्तान ने वापसी की। आस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल समाप्त होने पर बिना किसी नुकसान के छह रन बनाए थे। अपना आखिरी टेस्ट खेल रहे डेविड वॉर्नर और उस्मान ख्वाजा को स्पिनर साजिद खान ने काफी परेशान किया। वॉर्नर ने पहली गेंद पर चौका लगाया लेकिन अगली गेंद पर बाल बाल बचे।



## पोलैंड अंतिम-4 में पहुंचा, फ्रांस ने दर्ज की जीत

एजेंसी ⏭ पर्थ

पोलैंड ने चीन को 3-0 से हराकर यूनाइटेड कप टेनिस के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि फ्रांस ने इटली को हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियाटेक ने दुनिया की 14वें नंबर की खिलाड़ी झेंग किनवेन को महिला एकल में 6-2, 6-3 से हराया। वहीं हुबर्ट हुरकाज ने झांग झिंजेन को पुरुष एकल में 6-3, 6-4 से मात दी। मिश्रित युगल में कैटरीना पीटर और जान जीलिंस्की ने याउ शियाओदी और सुन फाजिंग को 6-3, 5-7, 10-7 से हराया। पोलैंड की टीम अब सिडनी में सेमीफाइनल खेलेगी जहां उसका सामना फ्रांस और नॉर्वे के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। यूनान को कनाडा से खेलना है और अगले दौर में पहुंचने के लिए उसे हर हालत में यह मैच जीतना होगा। वहीं सर्बिया की टक्कर आस्ट्रेलिया से होगी।

## टेस्ट रैंकिंग : कोहली की शीर्ष 10 में वापसी, अश्विन शीर्ष पर कायम

एजेंसी ⏭ दुबई

भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन टेस्ट में अच्छे प्रदर्शन के बाद जारी ताजा आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में चार पायदान आगे नौवें स्थान पर पहुंच गए। कोहली 2022 में शीर्ष 10 से बाहर हो गए थे लेकिन पिछले हफ्ते दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में 38 और 76 रन की पारी खेलने से वह फिर इसमें वापसी करने में सफल रहे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार वह शीर्ष पर चल रहे केन विलियमसन से 103 रेटिंग अंक नीचे हैं जबकि जो रूट और स्टीव स्मिथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा 14वें स्थान पर खिसक गए, उन्होंने सेंचुरियन में पांच रन बनाए थे और एक पारी में वह



खाता भी नहीं खोल सके थे। केएल राहुल भी 11 पायदान की उछाल से 51वें स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने श्रृंखला के शुरुआती मैच में 101 और चार रन बनाए थे। गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं जबकि वह सेंचुरियन में 41 रन देकर एक विकेट ही झटक सके थे। रविंद्र जडेजा और जसप्रीत बुमराह क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। जडेजा आल राउंडर सूची में शीर्ष पर कायम हैं। उनके बाद अश्विन दूसरे स्थान पर हैं जबकि शार्दुल ठाकुर 34वें स्थान पर खिसक गए हैं। टीम रैंकिंग में भारत 118 अंक लेकर आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड से ऊपर शीर्ष पर काबिज है।



## नाडा के राडार में रहेंगे पंत, ईशान और श्रेयस

**नई दिल्ली।** सड़क दुर्घटना के बाद पुनर्वास के दौर से गुजर रहे क्रिकेटर ऋषभ पंत अब राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी के राडार में रहेंगे। नाडा की ओर से पहली बार रिकॉर्ड आठ क्रिकेटरों को अपने पंजीकृत परीक्षण पूल में शामिल किया गया है। इनमें ईशान किशन और श्रेयस अय्यर का नया नाम जुड़ा है, जबकि सूर्यकुमार यादव, हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, हरमनप्रीत कौर और स्मृति मंधाना इस पूल में पहले से शामिल हैं। यही नहीं भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न के आरोप लगाने वाले पहलवान बजरंग और विनेश फोगाट भी आरटीपी में बरकरार रखे गए हैं। नाडा ने 2024 के पहले क्वार्टर की आरटीपी में 169 खिलाड़ियों को शामिल किया है।

## जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम घोषित



**नई दिल्ली।** भारतीय कुश्ती महासंघ की तदर्थ समिति ने क्रोएशिया में होने वाले जगरेब ओपन के लिए 13 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। क्रोएशिया की राजधानी में होने वाला पहला विश्व रैंकिंग टूर्नामेंट 10 से 14 जनवरी तक चलेगा। डब्लूएफआई का संचालन भारतीय ओलंपिक संघ की तीन सदस्यीय समिति कर रही है। खेल मंत्रालय ने संजय सिंह की अगुवाई में चुने गए महासंघ को उसके अपने संविधान के उल्लंघन के मामले को लेकर निलंबित कर दिया। टीम : पुरुष फ्रीस्टाइल : अमन (57 किलो), यश (74 किलो), दीपक पूनिया (86 किलो), विक्की (97 किलो) और सुमित (125 किलो)। ग्रीको रोमन : ज्ञानेंदर (60 किलो), नीरज (67 किलो), विकास (77 किलो), सुनील कुमार (87 किलो), नरिंदर चीमा (97 किलो), नवीन (130 किलो)। महिला : सोनम (62 किलो) और राधिका (68 किलो)।

## सूर्यकुमार फिर सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर की दौड़ में



**दुबई।** भारत के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव को बुधवार को आईसीसी के पुरुष 'टी20 क्रिकेटर ऑफ द ईयर' के लिए चार नामांकन में शामिल किया गया। भारत के इस 33 साल के खिलाड़ी ने 2022 में यह पुरस्कार जीता था। वर्ष 2023 में सूर्यकुमार ने दबदबा बनाते हुए 17 पारियों में 48.86 के औसत और 155.95 के स्ट्राइक रेट से 733 रन बनाए हैं। युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को भी आईसीसी पुरुष 'एमर्जिंग क्रिकेटर ऑफ द ईयर 2023' के लिए चार खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। 22 साल के जायसवाल ने 2023 में 70.75 के औसत से टेस्ट में 283 रन बनाये हैं, उन्होंने टी20 अंतरराष्ट्रीय में 33.07 के औसत और 159.25 के स्ट्राइक रेट से 430 रन जोड़े हैं।

**'सैंडपेपर' कांड : पूर्व क्रिकेटर कैटिच का बयान**

## वॉर्नर को जनता से पूरा सम्मान मिलना मुश्किल

एजेंसी ⏭ सिडनी

आस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर साइमन कैटिच का मानना है कि 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण के मद्देनजर डेविड वॉर्नर को जनता का पूरा सम्मान नहीं मिलेगा क्योंकि देश में कई लोगों को अब तक यकीन नहीं होता कि उस समय उनकी टीम ने क्या किया।

तत्कालीन कप्तान स्टीव स्मिथ, उपकप्तान वॉर्नर और कैमरन बेनक्रॉफ्ट को 2018 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ केपटाउन टेस्ट में 'सैंडपेपर गेट' कांड के बाद प्रतिबंध का सामना करना पड़ा था। वॉर्नर पर आजीवन प्रतिबंध लगाया गया था और उनकी छवि भी खराब हुई। कैटिच का मानना है कि पांच साल बाद भी उन्हें पूरी तरह से माफी नहीं मिली है। उन्होंने 'सेन रेडियो' से कहा, 'यह कहना मुश्किल है कि उन्हें पूरा सम्मान मिलेगा क्योंकि लोगों को वह घटना पसंद नहीं आई थी और आनी भी नहीं चाहिए थी। कइयों को यकीन ही नहीं हुआ कि आस्ट्रेलियाई टीम ऐसा भी कर सकती है।' सिडनी में पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहने जा रहे वॉर्नर वनडे से भी संन्यास ले चुके हैं। कैटिच ने हालांकि कहा कि उस घटना के लिए वॉर्नर को पूरी तरह से दोषी नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा, 'पूरी घटना के लिए उन्हें दोषी कहना गलत होगा। कैमरन बेनक्रॉफ्ट और स्टीव स्मिथ भी इसमें शामिल थे लेकिन लोगों को लगता है कि इन तीनों के अलावा भी इसमें और लोग जुड़े थे। उस समय वॉर्नर ने माफी मांगने के बाद चुप्पी साध ली और फिर अच्छा क्रिकेट खेलकर मैदान पर वापसी की। यह हालांकि उतना आसान नहीं था। उसके लिए यह बहुत बड़ी बात है।'



## बैचलरेट पार्टी के लिए तलाश रहे बेहतरीन डेस्टिनेशन्स, तो ये जगह आपको नहीं करेंगी निराश

इन दिनों शादी से पहले सिर्फ प्री वेडिंग का ही नहीं बल्कि बैचलरेट पार्टी का भी ट्रेंड तेजी से चल रहा है। ऐसे में अगर आपकी भी जल्द ही शादी होने वाली है और आप बैचलरेट पार्टी के लिए किसी शानदार जगह की तलाश में हैं। जहां पर आप अपने हर पल को यादगार बनाना चाहते हैं। तो यह आर्टिकल आपके लिए है। हांलाकि इसके लिए कई लोगों की पहली पसंद गोवा होती है। लेकिन आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गोवा से भी कहीं ज्यादा खूबसूरत डेस्टिनेशन्स के बारे में आपको बताने जा रहे हैं। आपको बता दें कि यह जगह अपनी खूबसूरत नजारों के लिए दुनियाभर में फेमस हैं। ऐसे में आप यहां पर बैचलरेट पार्टी के अलावा कई तरह के एडवेंचर एक्टिविटीज में भी शामिल हो सकते हैं। इन जगहों पर की गई बैचलरेट पार्टी आपको हमेशा याद रहेगी। तो आइए जानते हैं इन खूबसूरत डेस्टिनेशन्स के बारे में...

**ग्रीस**– अगर आप किसी खूबसूरत डेस्टिनेशन की तलाश में हैं, तो बता दें कि इसके लिए ग्रीस से बेस्ट और कुछ नहीं हो सकता है। आप यहां के खूबसूरत गांव, बीच, लाजवाब खानपान, बीच पार्टीज, सनसेट व्यू और कभी न थमने वाली नाइट लाइफ जैसी कई चीजों को एक्सपीरियंस कर सकते हैं। साथ ही अगर आपको फोटोज क्लिक कराने के शौक है, तो यहां की कई बेहतरीन लोकेशन पर फोटोज क्लिक करवा सकते हैं।

**तुर्की**– प्री वेडिंग के साथ ही बैचलरेट पार्टी के लिए तुर्की भी काफी डिमांड में है। यहां पर कई बहुत प्यारे लोकेशन्स हैं। आपको बता दें कि यहां की हर एक जगह आपको जादुई दुनिया में होने का एहसास कराती है। इसके साथ ही नेचर लवर्स से लेकर एडवेंचर लवर्स तक के लिए कई बेहतरीन ऑप्शन मौजूद हैं। समुद्र के किनारे पर बसा तुर्की में सनसेट का नजारा मिस करने की गलती नहीं करनी चाहिए।



# क्रैश डाइट नुकसान कर सकती है

## इसके स्थायी परिणाम हो सकते हैं



**मोटापे से पीड़ित 278 वयस्कों के एक अध्ययन में प्रतिदिन 810 कैलोरी के 12-सप्ताह के क्रैश डाइट से उन लोगों की तुलना में 12 महीनों के बाद अधिक वजन कम हुआ, जिन्होंने केवल नियमित भोजन से कुछ भाग कम करके अपनी कैलोरी कम की थी। क्रैश डाइट समूह का वजन औसतन लगभग 11 किलोग्राम कम हुआ जबकि आहार का कुछ भाग कम करने वाले समूह का वजन केवल 3 किलोग्राम कम हुआ।**

**लैंकेस्टर (द कन्वरसेशन)।** जो लोग अपना वजन कम करना शुरू करने की कोशिश कर रहे हैं या शायद किसी बड़े कार्यक्रम या छुट्टी से पहले कुछ वजन कम करना चाहते हैं, वे क्रैश डाइट आज़माने की तरफ आकर्षित हो सकते हैं। हालांकि यह सच है कि वजन कम करने के लिए आपको अपने शरीर द्वारा प्रतिदिन उपयोग की जाने वाली कैलोरी से कम कैलोरी खाने की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रैश डाइट वास्तव में आपके इरादों के खिलाफ काम कर सकती है - और वजन कम करना अधिक कठिन बना सकती है। क्रैश डाइट का चलन वर्षों से है, लेकिन प्रभावशाली लोगों और सोशल मीडिया की बदौलत हाल ही में लोकप्रिय हुई है। आमतौर पर, इन आहारों में एक समय में कुछ हफ्तों के लिए कैलोरी की मात्रा को 800-1,200 कैलोरी प्रति दिन तक कम करना शामिल होता है। इन डाइट के समर्थकों का दावा है कि इससे तेजी से वजन कम हो सकता है, जो यह बता सकता है कि उनमें इतनी महत्वपूर्ण अपील क्यों है। दरअसल, शोध से पता चला है कि ये आहार वास्तव में कुछ लोगों के लिए बहुत प्रभावी हो सकते हैं। मोटापे से पीड़ित 278 वयस्कों के एक अध्ययन में, प्रतिदिन 810 कैलोरी के 12-सप्ताह के क्रैश डाइट से उन लोगों की तुलना में 12 महीनों के बाद अधिक वजन कम हुआ, जिन्होंने केवल नियमित भोजन से कुछ भाग कम करके अपनी कैलोरी कम की थी। क्रैश डाइट समूह का वजन औसतन लगभग 11 किलोग्राम कम हुआ जबकि आहार का कुछ भाग कम करने वाले समूह का वजन केवल 3 किलोग्राम कम हुआ। इसी तरह, एक अध्ययन से पता चला है कि बहुत कम कैलोरी वाला आहार टाइप 2 मधुमेह वाले लोगों के लिए फायदेमंद हो सकता है।

### क्रैश डाइट और चयापचय

आपका चयापचय शरीर में सभी रासायनिक प्रतिक्रियाओं का योग है। यह हमारे द्वारा खाए जाने वाले भोजन को ऊर्जा में परिवर्तित करने और अतिरिक्त ऊर्जा को वसा के रूप में संग्रहीत करने के लिए जिम्मेदार है। आपका चयापचय कई चीज़ों से प्रभावित होता है - जिसमें आहार, व्यायाम और आपके हार्मोन शामिल हैं। क्रैश डाइट इन सभी घटकों को प्रभावित करती है।क्रैश डाइट के साथ, आप सामान्य से बहुत कम भोजन खाते हैं। इसका मतलब यह है कि आपके शरीर को आपके द्वारा खाए गए खाद्य पदार्थों को पचाने और अवशोषित करने के लिए उतनी ऊर्जा (कैलोरी) का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं है। आप मांसपेशियां भी खो देते हैं। ये सभी कारक चयापचय दर को कम करते हैं - जिसका अर्थ है कि व्यायाम न करने पर शरीर कम कैलोरी जलाएगा। अल्पावधि में, क्रैश डाइट से थकान की भावना पैदा हो सकती है, जिससे कोई भी गतिविधि (वर्कआउट की तो बात ही छोड़ दें) करना चुनौतीपूर्ण हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि कम ऊर्जा उपलब्ध है - और जो उपलब्ध है उसे जीवन-निर्वाह प्रतिक्रियाओं के लिए प्राथमिकता दी जाती है।लंबी अवधि में, क्रैश डाइट हमारे शरीर के हार्मोन ढांचे को बदल सकती है। वे हमारे तनाव हार्मोन, जैसे कोर्टिसोल, को बढ़ाते हैं। और लंबे समय तक, आम तौर पर महीनों में, उच्च कोर्टिसोल स्तर हमारे शरीर में अधिक वसा जमा कर सकता है। क्रैश डाइट हार्मोन टी3 के स्तर को भी कम कर सकती है, जो थायरॉयड ग्रंथि द्वारा निर्मित होता है। यह हमारी चयापचय दर (आपके शरीर को खुद को बनाए रखने के लिए आवश्यक कैलोरी की संख्या) को विनियमित करने में महत्वपूर्ण है। टी3 स्तर में लंबे समय तक बदलाव से हाइपोथायरायडिज्म और वजन बढ सकता है।

### धीरे-धीरे खाना कम करना

यदि आप वजन कम करने की कोशिश कर रहे हैं, तो सबसे अच्छी रणनीति दीर्घकालिक, क्रमिक वजन घटाने वाले आहार का पालन करना है। यह देखा गया है कि क्रमिक आहार अधिक टिकाऊ होते हैं और क्रैश डाइट की तुलना में आपके चयापचय दर पर कम नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। धीरे-धीरे आहार लेने से व्यायाम के लिए पर्याप्त ऊर्जा स्तर बनाए रखने में भी मदद मिल सकती है, जिससे आपको वजन कम करने में मदद मिल सकती है। इस प्रकार के आहार हमारे माइटोकॉन्ड्रिया के कार्य को भी संरक्षित करते हैं - जो हमारी मांसपेशियों में कैलोरी जलाने वाले पावरहाउस हैं। इससे डाइटिंग खत्म करने के बाद भी कैलोरी बर्न करने की अधिक क्षमता पैदा होती है। आदर्श आहार वह है जो प्रति सप्ताह लगभग 0.5 से 1 किलोग्राम तक शरीर का वजन कम करता है। आपको प्रति दिन कितनी कैलोरी खाने की आवश्यकता होगी यह आपके शुरुआती वजन और आप शारीरिक रूप से कितने सक्रिय हैं, इस पर निर्भर करेगा।

## अयोध्या में लता मंगेशकर चौक बना नया सेल्फी केंद्र

**अयोध्या (भाषा)।** अयोध्या में मशहूर गायिका लता मंगेशकर को समर्पित चौक स्थानीय निवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों के लिए मुख्य आकर्षण का केंद्र बन गया है। इस चौक पर लोग उत्साह के साथ सेल्फी ले रहे हैं।कला में लोगों को अपनी ओर खींचने की शक्ति होती है और इस चौराहे के केंद्र में स्थापित 14 टन वजनी एक विशाल अलंकृत वीणा की प्रतिकृति अपना यह काम बखूबी कर रही है।अधिकारियों ने पहले बताया था कि 40 फुट लंबी और 12 मीटर ऊंची इस प्रतिकृति को प्रसिद्ध मूर्तिकार राम सुतार ने बनाया है। इसे करीब 7.9 करोड़



रुपये की अनुमानित लागत से बनाया गया है। लता मंगेशकर चौक राम पथ और धर्म पथ के चौराहे पर स्थित है। राम मंदिर के आगामी अभिषेक समारोह से पहले दोनों पथों को सुंदर प्रकाशमान स्तंभों के साथ खूबसूरती से सजाया गया है।अयोध्या और पड़ोसी जिलों से सैकड़ों लोग 31 दिसम्बर की रात को नववर्ष का जश्न मनाने के लिए लता मंगेशकर चौक पर एकत्र हुए थे।चौक पर सेल्फी लेने के लिए लोगों ने रविवार रात 10 बजे से ही चौक पर आना शुरू कर दिया था।स्थानीय लोग इस सार्वजनिक स्थान के अचानक लोकप्रिय होने का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अयोध्या में 30 दिसम्बर को हुए रोड शो को देते हैं। इस दौरान वह लता मंगेशकर चौक पर रुके थे और तस्वीर खिंचवाई थीं। प्रधानमंत्री की यहां की यात्रा से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी चौक पर एक सेल्फी ली थी। उत्तर प्रदेश सरकार ने दिवंगत गायिका लता मंगेश्कर की 93वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए नया घाट के पास इस चौक का निर्माण कराया। इसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने 28 दिसम्बर 2022 को वर्चुअल तरीके से किया था।



## एक्टर्स को डेट करना 'टेंशन वाला काम है' जान्हवी कपूर

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने एक्टर्स को डेट करने के सवाल पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा है कि एक्टर कंपीटिटिव और वीयर्ड होते हैं। बॉलीवुड सिस्टर्स जान्हवी और खुशी कपूर स्ट्रीमिंग चैट शो 'कॉफ़ी विद करण' के अपकमिंग एपिसोड में नजर आएंगी। दोनों अपने करियर, फैमिली और लव लाइफ को लेकर चर्चाओं में हैं। करण ने कहा, आपकी एक फिलॉसफी भी है जिसके बारे में हमने बात की है कि आप एक्टर्स को डेट नहीं करना चाहती, क्योंकि आपको लगता है कि यह कहीं न कहीं टेंशन देगा। जवाब देते हुए जान्हवी ने कहा, एक्टर्स को डेट करना सच में मुश्किल काम है। एक्ट्रेस ने कहा, आपको किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने की जरूरत है जो आपको भी खुद के साथ टाइम बिताने के लिए वक्त दे। करण ने पूछा: आप कभी किसी एक्टर को डेट नहीं करेंगी, क्योंकि आप अभी जहां हैं, वहां आप कंफर्टेबल हैं?एक्ट्रेस ने जवाब दिया, मैं आपको बता रही हूं कि जब कोई एक्टर होता है तो हमेशा टेंशन बनी रहती है। मैं उस टेंशन से निपट नहीं सकती, क्योंकि मुझे खुलकर रहना पसंद है।

## प्रीति जिंटा ने मनाया कलरफुल नव वर्ष

**मुंबई (आईएएनएस)।** एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने बुधवार को नए साल के जश्न की फोटो शेयर की और बताया कि वह साल 2024 की शुरुआत कलरफुल तरीके से कर रही हैं। 'वीर जारा' एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर कलरफुल कैप और ऑरेंज कलर की टी शर्ट पहने एक सेल्फी पोस्ट की। ब्लैक सनग्लासेस के साथ एक्ट्रेस अपनी डिंपल वाली स्माइल फ्लॉन्ट कर रही हैं। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया: 2024 की शुरुआत कलरफुल तरीके के साथ।




## भोजपुरी गाना 'लइकन के कमी नइखे' रिलीज



**मुंबई (वार्ता)।** गायिका खुशबू तिवारी केटी और अभिनेत्री माही श्रीवास्तव का भोजपुरी गाना'लइकन के कमी नइखे'रिलीज हो गया है। गाना वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिसिल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। गाने के निर्माता रत्नाकर कुमार है। खुशबू तिवारी केटी ने इस गाने को गाया है,वहीं माही श्रीवास्तव ने इस गाने में अभिनय किया है। गीतकार एवं संगीतकार यादव राज है। वीडियो निर्देशक विझेल, कोरियोग्राफर गोल्डी जयसवाल, डीओपी राजन वर्मा है।

## बॉबी देओल संग नजर आए आर्यमन देओल

**मुंबई (आईएएनएस)।** हाल ही में रिलीज हुई एक्शन थ्रिलर 'एनिमल' की सफलता का आनंद ले रहे एक्टर बॉबी देओल ने बुधवार को अपने बेटे आर्यमन के साथ कुछ बेहद खूबसूरत तस्वीरें साझा कीं। एक्टर ने इंस्टाग्राम पर अपने बेटे के साथ दो तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों में बॉबी को ब्लू सूट के साथ वाइट शर्ट में फॉर्मल लुक में देखा जा सकता है। वहीं उनके बेटे ब्लैक फॉर्मल कोट और वाइट शर्ट में बेहद हैंडसम लग रहे हैं। दोनों सीधे कैमरे की ओर देख रहे हैं। इस पोस्ट पर एक्ट्रेस प्रीति जिंटा ने रेड हार्ट और फायर वाले इमोजी कमेंट सेक्शन में शेयर किया। 'एनिमल' 'कबीर सिंह' फेम संदीप रेड्डी वांगा द्वारा सह-लिखित, संपादित और निर्देशित है।



## 200 करोड़ क्लब में शामिल हुई डंकी

**मुंबई (वार्ता)।** शाहरूख खान की फिल्म डंकी ने 200 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी 21 दिसम्बर को रिलीज हुई थी। पठान और जवान के बाद डंकी इस साल की शाहरुख खान की तीसरी फिल्म है। 'डंकी' राजकुमार हिरानी और शाहरुख खान की साथ में पहली फिल्म है।फिल्म डंकी को दर्शकों की तरफ से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। डंकी घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई है। वहीं वर्ल्डवाइड इस फिल्म ने 400 करोड़ का कारोबार कर लिया है।




# ठंडा पानी इतना भी हानिकारक नहीं

सिडनी (द कन्वरसेशन)। हम शरीर में भरपूर पानी बनाए रखने के महत्व को जानते हैं, खासकर गर्म मौसम में। लेकिन पानी पीने जैसी साधारण चीज़ के लिए भी, परस्पर विरोधी सलाह और कई तरह की धारणाएं मौजूद हैं। क्या ठंडा पानी वाकई आपके स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है? नल से आने वाले गर्म पानी के बारे में क्या? और 'कच्चा पानी' क्या है? आइए गहराई से जानें और पता लगाएं।



### जानें पानी से जुड़े 5 मिथकों के पीछे के तथ्य

**मिथक 1: ठंडा पानी आपके लिए हानिकारक है**

कुछ सोशल मीडिया रील्स में सुझाव दिया है कि ठंडा पानी 'रक्त वाहिकाओं को सिकोड़कर' और 'पाचन क्रिया को बाधित' करके स्वास्थ्य समस्याएं पैदा करता है। इसके बहुत कम सबूत हैं। 2001 के एक अध्ययन में पाया गया कि परीक्षण की गई 669 महिलाओं में से 51 (7.6%) को ठंडा पानी पीने के बाद सिरदर्द हुआ, उनमें से अधिकांश पहले से ही माइग्रेन से पीड़ित थीं और तब से इस तरह का कोई अध्ययन दोहराया नहीं गया है।2012 में यह देखा गया था कि कोल्ड ड्रिंक से अचलासिया (निगलने की एक दुर्लभ बीमारी) से पीड़ित लोगों को असुविधा होती है, लेकिन अध्ययन में केवल 12 प्रतिभागी शामिल थे।अधिकांश लोगों के लिए, आप जिस तापमान पर पानी पीते हैं वह व्यक्तिगत पसंद और परिस्थितियों पर निर्भर करता है। गर्मियों में व्यायाम के बाद ठंडा पानी या सर्दियों में आराम करने के लिए गर्म पानी पीने से आपके समग्र स्वास्थ्य पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

**मिथक 2: आपको नल का गर्म पानी नहीं पीना चाहिए**

इस मान्यता के पीछे कुछ हद तक वैज्ञानिक सच्चाई भी छिपी हुई है। गर्म पानी आम तौर पर ठंडे पानी की तुलना में बेहतर विलायक होता है, इसलिए यह पाइप से धातुओं और खनिजों को घोल सकता है। गर्म पानी भी अक्सर टैंकों में संग्रहित किया जाता है और इसे कई बार गर्म और ठंडा किया जा सकता है। बैक्टीरिया और अन्य रोग पैदा करने वाले सूक्ष्मजीव गर्म पानी में बेहतर ढंग से विकसित होते हैं और समय के साथ जमा हो सकते हैं। अपने कप को ठंडे पानी के नल से भरना और फिर केतली में गर्म कर लेना बेहतर है।

**मिथक 3: बोतलबंद पानी बेहतर है**

हालाँकि स्रोत जल के प्रदूषण के कारण दुनिया के कुछ हिस्सों में बोतलबंद पानी सुरक्षित हो सकता है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया और इसी तरह के देशों में बोतलबंद पानी पीने का कोई वास्तविक लाभ नहीं है। क्वींसलैंड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के अनुसार, बोतलबंद पानी नल के पानी से अधिक सुरक्षित नहीं है। यह नल का पानी भी हो सकता है. अधिकांश लोग अंतर भी नहीं बता पाते। बोतलबंद पानी की कीमत आमतौर पर नल के पानी की तुलना में (काफी हद तक) अधिक होती है और यह पर्यावरण के लिए भी बदतर है।

**नल के पानी में सीसे के बारे में क्या?**

अमेरिका में फ्लिंट, मिशिगन में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के बाद यह समस्या सुर्खियों में आई। लेकिन फ्लिंट ने सीसे को घुलने से बचाने के लिए संक्षारण अवरोधक (इस मामले में ऑर्थोफोस्फेट) के साथ सीसा पाइप का उपयोग किया। फिर शहर ने जल स्रोतों को बिना संक्षारण अवरोधक वाले स्रोतों में बदल दिया। सीसे का स्तर बढ़ गया और सार्वजनिक आपातकाल घोषित कर दिया गया।

**मिथक 4: कच्चा पानी प्राकृतिक रूप से स्वास्थ्यवर्धक होता है**

कुछ लोग बोतलबंद और नल के पानी को बायपास करके सीधे स्रोत की ओर चले जाते हैं। 'कच्चे पानी' की प्रवृत्ति कुछ साल पहले उभरी, जिसने लोगों को नदियों, झरनों और झीलों का पानी पीने के लिए प्रोत्साहित किया। इस धारणा के समर्थकों का कहना है कि हमारे पूर्वज झरने का पानी पीते थे, इसलिए हमें भी पीना चाहिए। हालाँकि, हमारे पूर्वज भी अक्सर पेचिश और हैजा से मरते थे और उनकी जीवन प्रत्याशा कम थी। हालांकि यह सच है कि अत्यधिक उपचारित पीने के पानी में भी माइक्रोप्लास्टिक्स जैसी चीजें निम्न स्तर की हो सकती हैं, जब तक कि आप बहुत दूर कहीं नहीं रहते हैं, अनुपचारित पानी पीने का जोखिम कहीं अधिक है क्योंकि इसमें आसपास के क्षेत्र के प्रदूषकों के शामिल होने की अधिक संभावना है।

**मिथक 5: सीधे पाइप से पानी पीना ठीक है**

चाहे यह कितना भी आकर्षक क्यों न हो, पौधों को पानी देते समय पाइप से पानी न पीना ही शायद सबसे अच्छा है। हो सकता है कि तेज़ धूप में पानी हफ्तों या इससे भी अधिक समय तक वहाँ जमा रहा हो, जिससे संभावित रूप से बैक्टीरिया का निर्माण हुआ हो। इसी तरह, जबकि पीने के पानी के फव्वारे आमतौर पर उपयोग करने के लिए पूरी तरह से सुरक्षित होते हैं, उनमें विभिन्न प्रकार के बैक्टीरिया हो सकते हैं। यह उपयोगी है (हालाँकि आवश्यक नहीं है) कि आप इस तरह का पानी पीना शुरू करने से पहले उन्हें कुछ सेकंड के लिए चलाएँ ताकि सिस्टम के माध्यम से ताज़ा पानी प्राप्त हो सके न कि वह पानी जो कुछ देर से वहाँ पड़ा हो। तो चाहे आपको गर्मी पसंद हो या ठंड, या इसके बीच का मौसम, इस बेझिझक एक गिलास पानी का आनंद लें।

# अर्बन हॉट में लगी खादी उत्सव प्रदर्शनी का हुआ समापन

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। उ०प्र० खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड वाराणसी द्वारा खादी उत्सव-2023 का आयोजन अर्बन हॉट प्रांगण, चौकाघाट वाराणसी में 21 दिसम्बर से 15 दिवसीय प्रदर्शनी मेले का आयोजन किया गया 4 जनवरी 2024 गुरुवार को खादी उत्सव प्रदर्शनी-2023 का समापन मुख्य अतिथि हंसराज विश्वकर्मा, सदस्य

**प्रदर्शनी में 4.73 करोड़ की हुई बिक्री**

विधान परिषद / जिलाध्यक्ष भाजपा वाराणसी के कर कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दिलीप सोनकर पूर्व सदस्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, हिमांशु नागपाल आई०ए०एस०, मुख्य विकास अधिकारी वाराणसी उमेश कुमार सिंह सयुक्त आयुक्त (उद्योग) वाराणसी मण्डल, वी०के० सिंह जिला ग्रामोद्योग अधिकारी जौनपुर, गिरजा प्रसाद, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, चन्दौली, अमिता श्रीवास्तव, जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, गाजीपुर एवं कार्यालय के सभी कर्मचारीगण




उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में कुल 120 स्टाल लगाये गये है अर्बन हॉट प्रांगण में हर किस्म के खादी उपलब्ध है जिसमें खादी के स्टालों में ऊनी शाल, सिल्क की साड़ियां सूती खादी के वस्त्र, कम्बल, कुर्ता, शदरी, गद्दा, रजाई, चादर, कारपेट एवं सिले सिलाये खादी के परिधान उपलब्ध हैं एवं ग्रामोद्योगी उत्पादों में लगने वाले स्टाल में जैम, जेली, आचार, मुरब्बा, अगरबत्ती, नमकीन, लकड़ी के फर्नीचर, आलमारी, बक्सा,आयुर्वेदिक औषधी, दर्द निवारक तेल इत्यादि उपलब्ध है। प्रदर्शनी में 4 जनवरी 2024 तक की कुल बिकी 4.73 करोड़ रही` प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के उद्यमियों को बाजार उपलब्ध कराना एवं विपणन में सहायता व बिकी के लिये प्रोत्साहित किया जाना है।

## दीपक अग्रवाल लायंस इंटरनेशनल द्वारा पुरस्कृत



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 321-ई के पूर्व गवर्नर, लायन दीपक अग्रवाल को लायंस इंटरनेशनल द्वारा प्रेषित किए गए शेवरन एवार्ड एवं प्रमाण पत्र, लायंस क्लब वाराणसी गंगा के अध्यक्ष लायन संजय गुप्ता, लायन अजात शत्रु सिंह एवं लायन अनिल जैन द्वारा प्रदान किया गया` लायन दीपक अग्रवाल को लायंस इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट मेडल एवार्ड, लीडरशिप एवार्ड, इंटरनेशनल के कई प्रमाण पत्र, 50 नये क्लब का पुरस्कार, डिस्ट्रिक्ट एवं मल्टीपल द्वारा अनेंको पुरस्कार प्रदान किया जा चुके हैं` दीपक अग्रवाल सन 1983 से लायंस क्लब से निरंतर जुड़े हुए हैं और लायंस क्लब के विभिन्न पदों पर रहते हुए 2001 में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर बनाए गए, उसके बाद मल्टीपल उत्तर भारत के मंडल सचिव निर्वाचित किए गए, आप विभिन्न संस्थाओं के संरक्षक, अध्यक्ष, मंत्री, प्रबंधक एवं पदाधिकारी भी वर्तमान समय में हैं और रहे भी हैं` आप रोटरी क्लब के चार्टर अध्यक्ष, असिस्टेंट गवर्नर एवं मंडल सचिव भी रहे हैं आपको लायंस में 40 वर्ष पूरे होने पर विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक संस्थानों ने अपनी शुभकामनाएं भी प्रदान की है।

## स्वतंत्रता संग्राम में महामना की भूमिका अहम

प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। महामना मदनमोहन मालवीय की 162 वीं जयंती के उपलक्ष्य में सेवाज्ञ संस्थानम् की ओर से आयोजित पंद्रह दिवसीय महामना महोत्सव के तहत लंका स्थित ग्लोरियस एकेडमी में शतरंज प्रतियोगिता हुई इसमें 200 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया` मुख्य अतिथि डॉ. विजय नाथ पांडेय ने काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए महामना ने अतुलनीय तपस्या किया ,कहा कि वे आजीवन विश्वविद्यालय का अन्न नही खाए महामना ने स्वतंत्रता संग्राम में अहम भूमिका निभाई, वकालत छोड़न के बाद भी केस लड़कर चौरी चौरा के 155 क्रांतिकारियों को बरी कराया` अध्यक्षता कर रहे ग्लोरियस एकेडमी के डायरेक्टर डॉ गिरीश पति तिवारी ने महामना से जुड़े प्रसंगों को साझा किया` कार्यक्रम संयोजक डॉ हरेंद्र कुमार राय



ने कहा कि जैसे साइकल ढलान पर बिना पैडल मारे तेजी से आगे बढ़ती है वैसे ही हमारी बुद्धि गंदगी और नकारात्मकता की ओर जाती है अपने जीवन को सार्थक बनाना है तो अपने अंदर आदर्श स्थापित करना होगा और वहां तक जाने के लिए मालवीय जी ही प्रेरक हो सकते है` धन्यवाद ज्ञापन सेवाज्ञ संस्थानम् के केन्द्रीय कार्यसमिति सदस्य डॉ प्रदीप दीक्षित ने किया तथा संचालन माधव कुमार ने किया` बता दें की महामना महोत्सव के अंतर्गत 6 जनवरी तक जिले के 50 इंटर कॉलेजो के चयनित विद्यार्थियों में 10 प्रकार की प्रतियोगिताएं चल रही हैं जिसका समापन 9 जनवरी को स्वतंत्रता भवन बीएचयू में आयोजित होना है विजेताओं तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा` इस मौके पर अंकिता जायसवाल पियूषमणि अमृत राज पांडेय, हिमांशु, चित्रा, वंशिका आदि मौजूद रहीं।

## कायस्थ महासभा के तत्वाधान में महाकवि गोपाल दास की मनाई गई जयंती

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा गाजीपुर के तत्वाधान में महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में उन्हीं के चंदन नगर स्थित आवास पर महाकवि गोपाल दास नीरज की जयंती पर माल्यार्पण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी आयोजित हुई। गोष्ठी आरंभ होने के पुर्व महासभा के सभी कार्यकताओं ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजलि अर्पित किया। महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण कुमार श्रीवास्तव ने नीरज जी को नमन करते हुए कहा कि नीरज जी हिंदी के महान साहित्यकार, शिक्षक, काव्य वाचक और गीत लेखक के साथ साथ महान गीतकार थे। कवि सम्मेलनों के मंच के वह गीत प्रस्तुति और संचालन के महान फनकार थे। वह



पहले व्यक्ति थे जिन्हें शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र मे भारत सरकार ने उन्हें दो-दो बार सम्मानित किया। पहले उन्हें पद्म श्री और फिर पद्म भूषण से । यही नहीं फिल्मों में सर्वश्रेष्ठ गीत लेखन के लिए लगातार तीन बार फिल्म फेयर के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।मुलायम सिंह जी ने अपने कार्यकाल में भाषा संस्थान का अध्यक्ष नामित कर उन्हें कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्रदान किया था।उनकी रचना संसार का फलक इतना बड़ा है कि वह अपने चाहने वालों के दिलों में आजीवन जिंदा रहेंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मोहन लाल श्रीवास्तव, चन्द्रप्रकाश श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव, अश्वनी श्रीवास्तव,अनूप श्रीवास्तव, हर्ष, आर्यन, प्रियांशु, मेघाआदि उपस्थित रहे। गोष्ठी का संचालन जिला महामंत्री अरूण सहाय नै किया।

## बिरनो बीडीओ सीमा कुमारी ने भड़सर, बिरनो, बद्धुपुर गोशाला का किया निरीक्षण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गुरुवार को कड़ाके की ठंड और गलन को देखते हुए बिरनो खण्ड विकास अधिकारी सीमा कुमारी ने विकास खण्ड अंतर्गत क्षेत्र के तीनो अस्थाई गौशालाओं का निरीक्षण करने पहुंचीं इस मौके पर औचक निरिक्षण में बद्धुपुर अस्थाई गौशाला में पशुओ के खाने पीने के लिए चोकर और हरा चारा ना देख भड़की। बीडीओ ने मौजुद कर्मचारीयों के साथ साथ पंचायत सचिव अजय मिश्रा को फटकार लगाते हुए कहा कि पशुओं के रखरखाव में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी पशुओं के भोजन के लिए हरा चारा चोकर और साफ पानी होना बहुत जरूरी है ठंड से बचाव के लिए पशुओं के बाड़े को चारों तरफ से प्लास्टिक लगाकर ढका जाना चाहिए अगर ऐसा नहीं होता है तो तैनात कर्मचारियों पर कार्यवाही की जायेगी। अचानक अस्थाई गौशाला में बीडीओ को देख पंचायत सचिव और गौशाला में पशुओं की देख रेख में तैनात सफाई कर्मचारीयों का पसीना छूटने लगा। बद्धुपुर अस्थाई गौशाला में 190 पशु हैं लेकीन रख रखाव और पशुओं के दुर्दिन दशा के लिए हमेशा चर्चा में रहता है बद्धुपुर में शासन के खर्च पर अस्थायी गोशाला चल रही है। 190 गोवंश हैं। इस मौके पर खण्ड विकास अधिकारी सीमा कुमारी ने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार गोवंश को समय से हरा चारा और पानी की माकूल व्यवस्था कराने के साथ ही साफ सफाई रखने के लिए आदेशित है। कड़ाके की ठंड और कोहरे को देखते हुए पाशुवों को बचाव के लिए सम्बंधित को कहा गया है लापरवाही बरतने पर कार्रवाई भी की जायेगी।

## बहरियाबाद पुलिस ने किया एनवीडब्लू के वारण्टी की सफल गिरफ्तारी

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक नगर के कुशल मार्गदर्शन में तथा क्षेत्राधिकारी सैदपुर के निकट पर्यवेक्षण में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग हेतु चलाये जा रहे अभियान के अर्न्तगत एनवीडब्लू वांछित की गिरफ्तारी के क्रम में गुरुवार को उप निरीक्षक सुभाषचन्द्र द्विवेदी मय पुलिस बल के मा0 विशेष न्यायालय पाक्सो गाजीपुर द्वारा जारी वारंट अभियुक्त महेन्द्र यादव पुत्र सुबेदार यादव नि0ग्राम गहनी थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर सम्बन्धित धारा 323, 506, 354 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक सुभाष चन्द्र द्विवेदी थाना बहरियाबाद, कांस्टेबल धीरज कुमार थाना बहरियाबाद, कांस्टेबल माधवेन्द्र सिंह थाना बहरियाबाद जनपद गाजीपुर शामिल रहे।

## भीषण शीत लहर में एसओएस विलेज चौबेपुर के अनाथ एवं बेसहारा बच्चों को ट्रस्ट नें बाँटे गर्म कपड़े



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। वाराणसी में भीषण ठण्ड एवं शीतलहरी को देखते हुए असहाय एवं अनाथ बच्चों को ठण्ड से बचाने हेतु गुरुवार को अग्रवाल महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा नववर्ष में चौबेपुर स्थित एसओएस हरमन माइनर स्कूल चिल्ड्रेन विलेज के जरूरतमंद बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किया गया` श्री काशी अग्रवाल समाज के सभापति एवं अग्रवाल महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट के संरक्षक संतोष कुमार अग्रवाल 'हरे कृष्ण ज्वेलर्स' नें स्कूल विलेज में रह रहे लगभग 350 अनाथ बच्चों को गर्म कपड़े बाँटे और कहा कि अग्रवाल महासभा जरुरतमंदो असहाय एवं अनाथ बच्चों की सेवा के लिए सेवा और समर्पण के भाव से सराहनीय कार्य में योगदान देती आ रही है उन्होंने वहां रह रहें सभी बच्चों को उनकी हरसंभव मदद करने की बात कही` अग्रवाल महासभा चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से महामंत्री आमोद अग्रवाल ने बच्चों को बैठने हेतु कुर्सियां भी देने की घोषणा की` कार्यक्रम का संचालन मंत्री श्री नारायन अग्रवाल ने किया` इस अवसर पर चेतन अग्रवाल, रौनक अग्रवाल, रुपिका अग्रवाल कोमल अग्रवाल , सलिल अग्रवाल एवं अरविन्द सिकरिया सहित स्कूल के पदाधिकारियों नें सहयोग किया।

## डिप्टी सीएम बृजेश पाठक का संतकबीर नगर दौरा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों के साथ की गई समीक्षा बैठक

प्रखर संतकबीरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य के डिप्टी सीएम बृजेश पाठक संतकबीरनगर जिले के मेहदावल तहसील के बेलौली गांव पहुंचे ,वहा ग्रामीणों से रूबरू हुए तथा, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। डिप्टी सीएम बृजेश कुमार पाठक का सांसद प्रवीण निषाद व मेहदावल के लोकप्रिय विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने किया जोरदार स्वागत।

यूपी के संतकबीरनगर जिले में बेलौली गांव में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने गांव के विकास कार्यों और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने गांव में स्थित होम्योपैथी चिकित्सालय का निरीक्षण भी किया। वहीं, उन्होंने गांव की धात्री महिलाओं को अन्नप्राशन भी कराया। मीडिया कर्मियों से बातचीत में उन्होंने कहा कि राम मंदिर तैयार है। हम लोग उसे दिन का इंतजार कर रहे हैं जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी लोकार्पण करेंगे। यूपी के संत कबीर नगर जिले के बेलौली गांव में पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत डिप्टी सीएम बृजेश पाठक पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने बताया कि केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास परक योजनाओं की समीक्षा की गई है और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की है। उन्होंने बताया कि संतकबीरनगर जनपद को अन्य जिलों से एक अलग जिले के रूप में विकसित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकास में जनपद के लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। मीडिया कर्मियों से बातचीत में कहा कि राम मंदिर तैयार है। हम सब उस क्षण का इंतजार कर रहे हैं। जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी इसका लोकार्पण करेंगे । अयोध्या की छटा पूरी दुनिया में बिखर रही है।



अयोध्या भारत की सांस्कृतिक राजधानी रही है। प्रभु श्री राम ने यहीं से पूरी दुनिया में मानव मूल्यों को स्थापित किया और पूरी दुनिया में उसकी छटा है। हम सब कार्यकर्ता अयोध्या में श्री राम लाल के भव्य मंदिर और प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार कर रहे । समीक्षा कार्यक्रम बैठक में भारी संख्या में ग्रामीण तथा स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों तथा मेहदावल विकासखंड के सभी कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।




## संक्षिप्त खबरें

### जलालपुर में चिकित्सालय में ही चिकित्सक की गोली मारकर हत्या

**बदमाश मौके से हुए फरार नहीं हो सकी किसी की पहचान**



प्रखर जलालपुर जौनपुर। थाना क्षेत्र के जलालपुर चौराहे पर अपनी निजी चिकित्सालय चला रहे डॉक्टर को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मडियाहू विधानसभा क्षेत्र ग्राम सभा गोपीपुर निवासी डॉक्टर तिलकधारी पटेल की रात में अज्ञात बदमाशों के द्वारा गोली मार कर निर्मम हत्या कर दी गई। इनकी क्लीनिक ओम साई के नाम से जलालपुर चौराहे पर थी। जो बीती रात में हौसला बुलंद अज्ञात बदमाशों ने ताबक तोड़ गोलियां चलाकर मौत क घाट उतार दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी रही।

### अमन जायसवाल का हुआ श्रम रोजगार मंत्रालय में चयन किया क्षेत्र का नाम रोशन



प्रखर पूर्वांचल महाराजगंज ब्यूरो। प्रतिभा किसी की मोहताज नहीं होती हौसला बरकरार रखने की जरूरत है। नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे के वार्ड नं 7 के शीतल जायसवाल के पुत्र अमन जायसवाल का आल इंडिया रैंक 283 हासिल कर श्रम रोजगार मंत्रालय के अंतर्गत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन में सोशल सिक्योरिटी अस्सिटेंट के पद पर चयन हुआ। घर परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन करने पर पूरे नगर पंचायत में खुशी की लहर दौड़ गई है। परिवार मे पिता शीतल जायसवाल शिक्षक महेश जायसवाल,पवन जायसवाल, एस एन जायसवाल, रामानंद जायसवाल, मुन्ना जायसवाल, बलराम जायसवाल,गौरव जायसवाल, ब्यापार मंडल अध्यक्ष किशन जायसवाल, आनंद जायसवाल, जगदम्बा जायसवाल सहित नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने शुभकामनाएं दीं।

### चेयरमैन राकेश जायसवाल द्वारा किया गया बृजमनगंज महोत्सव का उद्घाटन



प्रखर महाराजगंज। नगर पंचायत बृजमनगंज कस्बे के महात्मा गांधी इंटर कालेज के खेल मैदान में बुधवार से बृजमनगंज महोत्सव प्रदर्शनी मेला का आयोजन का प्रारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल द्वारा फीता काटकर किया गया म.गां इं. कालेज के प्रबंधपति आशीष जायसवाल का मेला प्रबधंक ने स्वागत किया। मेला प्रबंधक ने बताया कि इस प्रदर्शनी मेले की शुरूआत आज से किया गया है जो संभवतः मकर संक्रांति तक चलेगा मेले मे तरह तरह के झुले लगे हैं बडे बडे झुले, नाव झुला, ब्रेक डांस झूला, डैगन, जो शाम की रोशनी में जगमगा रहे हैं प्रदर्शनी की शोभा बढ़ा रहे है बच्चों से लेकर युवा तक पुरुष महिलाएं यहां आकर आनंदित हो रहे हैं। यह प्रदर्शनी गोरखनाथ मेले का अहसास करा रहा है। प्रदर्शनी में तरह तरह के स्टालों से दुकानें सजी हैं मेले में खान पान की दुकानों के साथ प्रसिद्ध खजला की दुकान बाहर लगाया गया हैं। ठंडी के सामान बेचने के लिए स्वेटर जर्सी एवं शाल के स्टाल शोभा बढा रहे है।ठंड के मौसम में पूरे परिवार के साथ यहां आकर लुफ्त उठाना शिमला का अहसास कराता है।

### ट्रेन से कटा युवक

प्रखर रामपुर। मांझा गाजीपुर। ट्रेन से कटकर युवक की हुई दर्दनाक मौत। बता दे की क्षेत्र के तरांव स्टेशन के पुरब की तरफ युवक कट गया। मौके पर जीआरएफ के द्वारा मृतक के मोबाइल से मृतक के घर वालों को बुलाया गया। सिनाख्त के बाद पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक के दो लड़किया और दो लड़के है।

### बिजली विभाग की बड़ी लापरवाही क्या हादसा होने के बाद जागेगा विभाग



प्रखर वाराणसी। बताते चले कि भोजूबीर स्थित महेंद्र पान भंडार के ठीक बगल में ट्रांसफार्मर लगा है ट्रांसफार्मर से बार-बार तेल गिरता है। चिंगारी गिरती है, कई बार आवाज भी करता है। कितनी बार विद्युत विभाग को अवगत कराने के बाद भी इसको ठीक नहीं किया गया। दुकान के अधिष्ठाता महेंद्र ने बताया कि नीचे हमारी दुकान है और ऊपर मकान है, क्या आग लगने के बाद विद्युत विभाग इसको ठीक करेगा! मीडिया से बात करते हुए महेंद्र ने बताया कि अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो इसका जिम्मेदार विद्युत विभाग होगा!

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह'
द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस'
सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001
से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः
9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः
0548-2223833, +91-8858563779
+91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं